खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

देहरादून, मंगलवार 26 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 18 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत पेज 2



मीराबाई चानू व देवरिया ने जीते गोल्ड खेल टाइम्स



नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू किया सम्पादकीय



भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर पेज 12

## सार्वजनिक नहीं होगी पीएम मोदी की डीयू की डिग्री

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा, विश्वविद्यालय बाध्य नहीं

नई दिल्ली, वार्ता



■ आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने मांगा था रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी कि जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं। ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले सभी छात्रों का नाम, रोल नंबर, अंक और पास-फेल का ब्योरा मांगा था। उस साल पीएम मोदी के भी बीए पास करने का जिक्र है। डीयू ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए सूचना देने से मना कर दिया था। हालांकि सीआईसी ने इसको लेकर कहा था कि यह जानकारी सार्वजनिक की जाए, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक संस्था है और डिग्री का ब्योरा सार्वजनिक दस्तावेज माना जाता है। डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता।

## हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं: प्रधानमंत्री

■ जवानों ने पाक में 22 मिनट में खेल कर दिया
■ दुनिया ने देखा बदला कैसे लिया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि आज हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं है। चाहे वे कहीं भी छिपे हों। खोडलधाम ग्राउंड में जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में तय किए लक्ष्य पर आतंकवादियों की नाभि में वार किया। पीएम ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया।

गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि हमारे गुजरात में बहुत से पशुपालक हैं।

## छात्रों पर लाठीचार्ज बर्बरता और शर्मनाक: राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता



■ SSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना डरपोक सरकार की पहचान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्मचारी चयन आयोग- एसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी किए जाने का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक करार देते हुए सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर यह अन्याय तथा बर्बरता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज- शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- रोज़गार और न्याय। मिली क्या। लाठियां। उन्होंने कहा कि साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है और न ही उनके भविष्य की। क्यों हो, ये सरकार जनता के वोटों से नहीं, वोट चुराकर सत्ता में आई है। पहले वोट चुराएंगे फिर परीक्षा चुराएंगे फिर नौकरियां चुराएंगे फिर आपका हक़ और आवाज़ दोनों कुचल देंगे! युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों - आपका वोट इन्हें चाहिए नहीं, इसलिए आपकी मांगे कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। प्रियंका ने कहा कि एसएससी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग अमानवीय और शर्मनाक है।

### यूएपीए मामले में सलीम खान की जमानत बरकरार

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा 'अल-हिंद' संगठन से संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सलीम खान को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ का तर्क है कि चूंकि अल-हिंद का यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन के रूप में नाम नहीं है इसलिए इसकी बैठकों में भाग लेना ही अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं माना जाएगा।

### दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता की सिक्योरिटी वापस ली गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इधर सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेश भाई खीमजीभाई सकरिया के सहयोगी तहसीन सैयद को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली सीएम आवास में 20 अगस्त की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं।

### दिल्ली मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। इस इजाफे के बाद शून्य से दो किलोमीटर के बीच की छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब 11 रुपये देने होंगे। इस बढ़ोतरी से पहले न्यूनतम किराया 10 रुपये था। लेकिन 32 किलोमीटर से ज्यादा की सबसे लंबी दूरी तय करने वालों को 64 रुपये देने होंगे। मेट्रो रेल सेवा किराए में बढ़ोतरी 2004 में, उसके बाद 2005 और 2009 में हुई थी। साल 2017 में भी मई और अक्टूबर में किराए में संशोधन हुआ था।

### यमुनोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उधर उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने बाढ़ के हालात हैं।

## दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### पांच कॉमेडियंस को अपने यूट्यूब चैनलों पर माफी जारी करने का निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना सहित पांच हास्य कलाकारों को दिव्यांगजनों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाने पर अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफ़ी जारी करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एसएमए क्योर फाउंडेशन की एक याचिका पर दिया। इस याचिका में समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के आपत्तिजनक चुटकुलों को चिन्हित किया गया था। संगठन ने अदालत से हास्य के नाम पर दिव्यांगजनों का मज़ाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे थे। पीठ ने कहा कि हालांकि इन हास्य कलाकारों ने खेद व्यक्त किया है, लेकिन माफ़ी की मात्रा उससे हुए नुकसान के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चाताप की मात्रा, अपमान की मात्रा से ज्यादा होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह अगली सुनवाई में हास्य कलाकारों को दिए जाने वाले दंड पर फैसला करेगी। भारत के महान्यायवादी, आर. वेंकटरमणी ने अदालत को सूचित किया कि ऐसी चिंताओं के समाधान के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, रिकॉर्ड में रखे जाएंगे, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हास्य पर 'पूरी तरह से रोक' लगाना संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि हास्य जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन यह गरिमा की कीमत पर नहीं आ सकता। जब हास्य सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन करता है, तो यह समस्या की बात है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोगों को याद रखना चाहिए कि वे अपने बोलने की क्षमता का व्यवसाईकरण कर रहे हैं, और इसका इस्तेमाल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने हास्य कलाकारों से कहा कि वे अपने मंचों का उपयोग विकलांगता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी करें। इस मामले की सुनवाई यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ करने के लिए दायर याचिकाओं के साथ हुई। न्यायालय ने दोहराया कि यह मुद्दा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कहीं आगे जाता है, क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिव्यांगजनों के सम्मान का अधिकार शामिल है।

### चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि चुनाव विशेषज्ञ की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नोटिस जारी करें। इस बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज में लोकनीति के सह-निदेशक संजय ने अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## बुलंदशहर में कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, नौ मरे, 42 घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरो थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुंचे, तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 42 लोग घायल हो गए, जबकि नौ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 22 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्जा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है, जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65), चांदनी (12), घनीराम (50), मोक्षी (40), शिवांश (06) योगेश (50), सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। उपचार के दौरान नेम सिंह की मृत्यु हो गई।



### बुलंदशहर हादसे से सीएम योगी दुखी पीड़ित परिजनों को मिलेगी मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जाएगा।

## फैसले की गलत व्याख्या से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान

नई दिल्ली, वार्ता



■ गठबंधन प्रत्याशी रेड्डी पर शाह की टिप्पणी, रिटायर्ड 18 जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया
■ गृहमंत्री ने कहा था- सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता, तो नक्सलवाद खत्म हो गया होता

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की रिटायर्ड जजों ने आलोचना की है। शाह ने रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है, जिसे पूर्व जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि उपराष्ट्रपति पद का सम्मान करना ही बुद्धिमानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के समूह में पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस जे चेलमेश्वर समेत 18 जज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद को अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। दरअसल अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में कहा था, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो नक्सली चरमपंथ 2020 तक खत्म हो गया होता। गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। रिटायर्ड जजों के समूह ने बयान जारी कर कहा एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से जजों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंच सकता है। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस गोपाल गौड़ा, जस्टिस विक्रमजीत सेन, जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस जे. चेलमेश्वर, सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े और प्रो. मोहन गोपाल शामिल हैं। बीते चार दिनों में अमित शाह विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी और उनके सलवा जुडूम पर दिए जजमेंट को लेकर 2 बयान दे चुके हैं।

## गौतम गंभीर को राहत नहीं

नई दिल्ली, वार्ता



■ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इन्कार

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब गौतम गंभीर के वकील ने उनके राजनीतिक और क्रिकेट करियर का जिक्र किया, तो अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि आप बार-बार नाम और पहचान गिनवा रहे हैं, जैसे यह अदालत में कोई असर करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता के अधिकार की लड़ाई आगे बढ़ाते रहना होगा: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मतदाताओं के अधिकार के लिए हमें अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते जाना है। खड़गे ने यहां कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के नवनियुक्त पार्टी पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों के लिए पार्टी को अपनी लड़ाई आगे बढ़ाते रहने के साथ ही लोगों को संदेश देते रहना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत, पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव, मंत्री धर्म सिंह, जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# जवानों ने आतंकियों को कर्म देखकर मारा

**जोधपुर, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को हमारे जवानों ने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और तय किए टारगेट पर सटीक हमला किया है।

रक्षा मंत्री ने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो टारगेट तय किया था, हमारी सेना ने उसी लक्ष्य पर सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन

**■ पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ**

सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला। जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सोमवार को उनके गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक्सओम मिशन-4 के सदस्य शुभांशु सोमवार सुबह अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया।

लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक हजारों छात्र छात्राएं और अन्य अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 'शुक्स' की स्वागत यात्रा में शामिल हुए। आसमान की तरफ लहराते झंडे, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों से 39 वर्षीय अन्तरिक्ष यात्री का अभूतपूर्व स्वागत देखने लायक था। शुभांशु सीएमएस के छात्र रहे हैं। समारोह की शुरुआत एयरपोर्ट से हुई, जहां सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन के नेतृत्व में छात्रों ने बैंड प्रस्तुति दी और अपने गौरवशाली पूर्व छात्र का माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन पर निकलने वाली शोभायात्रा शहर की सड़कों से गुजरी, उनके पीछे हजारों की



अमौसी हवाई अड्डे पर सीएम योगी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व शुक्ला के पिता व माता तथा अन्य ने अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया।

उल्लसित भीड़ 'जय हिन्द और जय जगत' के नारे लगाती चल रही थी। जी-20 चौराहे पर तो स्वागत समारोह का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया, जब हजारों लोगों की तालियों के बीच शुमांशु विनम्रता से हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा का समापन सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा पर हुआ। जहां 3000 की संख्या में बच्चों ने परेड निकालकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। परेड कार्यक्रम के बाद शुभांशु शुक्ला ने स्कूल के बाहर प्लांटेशन भी किया। सीएमएस आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रो. गीता किंगडन ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो-गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की उपलब्धि केवल स्कूल की नहीं बल्कि हर भारतीय की है। उन्होंने सचमुच विद्यालय के आदर्श वाक्य 'जय जगत' की भावना को साकार किया है। हमें उन पर असीम गर्व है और हम उनके गगनयान मिशन समेत समस्त अन्तरिक्ष कार्यक्रमों की अभूतपूर्व सफलता की कामना करते हैं। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान शुभांशु शुक्ला और उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, माता आशा शुक्ला, पत्नी कामना मिश्रा का प्रो गीता किंगडन, संस्थापिका भारती गांधी ने मंच पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर वायु सेवा के जांबाज़ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। उत्तर प्रदेश के लिए आज अतिविशेष और महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार से हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अंतरिक्ष में भारत की ताकत के प्रतीक के रूप में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया

# गायब रूसी मां और बच्चे को लेकर अनुरोध पत्र भेजें

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह गायब हुई एक रूसी महिला और उसके बच्चे का पता लगाने के लिए रूसी दूतावास को प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ एक नया अनुरोध पत्र भेजे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रूस को भारत के साथ हस्ताक्षरित कानूनी सहायता संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि रूसी दूतावास को अपने द्विपक्षीय दायित्वों की याद दिलानी चाहिए। इस संधि में कहा गया है कि दोनों पक्षों को आपराधिक मामलों में यथासंभव व्यापक कानूनी सहायता देनी चाहिए। न्यायालय ने अपर सॉलिसिटर जनरल



(एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास राजनयिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करे। विदित हो कि इस घटना में एक रूसी महिला अपने भारतीय पति के साथ चल रहे अपने पांच साल के बच्चे की कस्टडी विवाद के बीच कथित तौर पर बच्चे के साथ भारत से चली गई थी।

### भूस्वामियों को झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि एसआरए को भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है।

## 'एस्ट्रोनॉमी' पर नहीं 'एस्ट्रोलॉजी' पर विश्वास करती है भाजपा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनके अंतरिक्ष अभियान की सफलता पर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा और कहा कि भाजपा 'एस्ट्रोनामी (खगोल विज्ञान) के बजाय एस्ट्रोलाजी यानी ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि पहले अंतरिक्ष यात्री भगवान हनुमान जी थे। हमारे सभी भगवान ही अंतरिक्ष में रहते हैं। भाजपा हर बात का श्रेय लेने की कोशिश करती है, लेकिन दुख इस बात का है कि शुभांशु भाजपा के सदस्य नहीं है।

# एक भी मतदाता का शपथ-पत्र मूल रूप में प्राप्त नहीं हुआ : यूपी चुनाव आयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में वर्ष 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 18,000 वोट हटाए या काटे जाने के समाजवादी पार्टी के आरोपों पर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग का कहना है कि एक भी शपथ पत्र मूल रूप में नहीं मिला है, स्कैन की गईं कॉपियां जरूर मिलीं हैं, जिनमें से कुछ की जांच पूरी हो चुकी है और कुछ की जारी है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सपा मीडिया सेल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार बार किया जा रहा है, उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है

**■ सपा की शिकायतों पर दिया स्पष्टीकरण**

कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैन कॉपी अवश्य प्राप्त हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है।

सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा के मीडिया सेल द्वारा लिखा गया- 2022 का पूरा विधानसभा चुनाव, सभी उपचुनाव भाजपा सत्ता की मिलीभगत, इशारे पर लूटे गए और धृतराष्ट्र की भांति चुनाव आयोग भाजपाई बेइमानी के मूक समर्थन में बेइमानियों में संलिप्त रहा।

### नवंबर-22 में बने शपथ पत्र, मर चुके उससे पहले

अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है, उनमें यह पाया गया है के ऐसे कतिपय व्यक्तियों के नाम से माह नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं, जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कतिपय व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैन कॉपी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया है। कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।

## अर्थ व्यापार



**सेंसेक्स** 81635.91
**निफ्टी** 24967.75



**सोना रु.** 100345
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



**चांदी रु.** 116533
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और ऑटो कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 329.06 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त में 81,635.91 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त लिवाली के कारण सुबह से ही बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 194.21 अंक की बढ़त के साथ 81,501.06 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इस दौरान यह नीचे 81,364.86 अंक और ऊपर 81,799.06 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 79.05 अंक ऊपर 24,949.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,894.35 अंक और उच्चतम स्तर



25,021.55 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी आईटी सूचकांक 2.37 फीसदी चढ़ा। रियलिटी, धातु, ऑटो, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय सेवाओं और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 3.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। टीसीएस में 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.55 और टेक मलहद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, टाइटन, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सबसे अधिक 0.76 प्रतिशत की गिरावट बीईएल के शेयर में रही। एशियन पेंट्स का शेयर 0.39 फीसदी, भारती एयरटेल का 0.38 और आईसीआईसीआई बैंक का 0.21 प्रतिशत फिसल गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक में 0.37 फीसदी की तेजी रही। मझौली कंपनियों में निवेशकों की लिवाली कम रही और छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में 0.04 प्रतिशत गिर गया। एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। जापान का निक्केई 0.41 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.51 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सूचकांक 0.13 फीसदी ऊपर था।

## चांदी1.16 लाख प्रति किलो सोना 1,00,345 प्रति 10 ग्राम

**मुंबई।** सोमवार को चांदी ने ऑलटाइम हाई बनाया है। आज एक किलो चांदी की कीमत 2,627 रुपए महंगी होकर 1,16,533 रुपए हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 987 रुपए चढ़कर 1,00,345 रुपए पर पहुंच गया है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200, एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रुपये थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,31,000 रही। मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल का अनुमान है कि चांदी में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है और आने वाले वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। श्री मल्होत्रा ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'फिबैक' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद काफी प्रगति की है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रशासन, वित्त आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कोरोना महामारी, अमेरिका द्वारा लगाये गए आयात शुल्क और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, हभारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। हम आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राजकोषीय घाटा 9.2 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में जारी मजबूती के कारण चालू खाते का घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 0.6 प्रतिशत पर रहा था। देश का विद.ेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह में 695 अरब डॉलर था जो 11 महीने के माल आयात बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिजर्व बैंक तीन बातों पर फोकस कर रहा है। पहला, वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

# उम्मीद: सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगा: उमर

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि उच्चतम न्यायालय जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक कोई फैसला नहीं ले पायी है, लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट तो ऐसा करेगा।

श्री अब्दुल्ला जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से पहले करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि इस फैसले में और देरी न हो। हम 10 महीने से ज्यादा समय से सरकार में हैं, और पहले दिन से ही हम राज्य के दर्जे के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रिमंडल का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने की मांग वाला एक प्रस्ताव पारित करना था, जिसे बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार मोदी जी से मिला तो सबसे पहले मैंने कैबिनेट का प्रस्ताव उनके हाथों में थमा दिया। हम इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने इंतज़ार का कोई फ़ायदा नहीं मिला है। उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ा और इंतज़ार करेंगे। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि जहां केंद्र सरकार ने यह फैसला नहीं लिया है, कम से कम उच्चतम न्यायालय तो ज़रूर लेगा।

**बिकाऊ है।**
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पहचान छिपाकर भावनाओं से खेलोगे ,तो जेल जाओगे: सीएम

## ऑपरेशन कालनेमि: अब तक 4000 सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चलाया जा रहा ऑपरेशन कालनेमि प्रदेशभर में बड़ी सफलता हासिल कर रहा है। यह व्यापक अभियान उन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस रहा है, जो अपनी पहचान छिपाकर सनातन संस्कृति की आड़ में ठगी और धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे थे।



मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन ने अब तक प्रदेश में 4000 से अधिक लोगों का सत्यापन किया है, जिनमें से 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई साबित करती है कि धामी सरकार देवभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से कोई समझौता नहीं करेगी। इस अभियान का असर सबसे अधिक उन जिलों में देखा जा रहा है, जहां बाहरी तत्वों की सक्रियता की सूचना मिली थी। हरिद्वार जिले में 2301 लोगों का सत्यापन और 162 गिरफ्तारियां, देहरादून में 865 सत्यापन और 113 गिरफ्तारियां, जबकि उधम सिंह नगर में 167 सत्यापन और 17 गिरफ्तारियां की गई हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री धामी की इस सख्त कार्यशैली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देवभूमि में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, पहचान छिपाकर ठगी या धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में इस अभियान के तहत एक बांग्लादेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है, जो यहां पर अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।



# ड्यूटी के दौरान नौगांव बीडीओ हुए चोटिल

**उत्तरकाशी ( शाह टाइम्स )।** यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी में बीते 21 अगस्त को बनी अस्थाई झील के दौरान ड्यूटी दे रहे बीडिओ नौगांव चोटिल हो गए हैं । सोमवार को सिलाई बैंड के पास खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार पैदल चल रहें थे अचानक पहाड़ी से पत्थर आये है । गनिमत रहा कि पत्थर छोटे थे जिससे बड़ा हादसा टल गया। चोटिल हुए खंड विकास अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में डॉक्टरों ने उनके कंधे पर और पांव में चोट बताई जहां से उन्हें जिला अस्पताल उत्तरकाशी के लिए रेफर कर दिया है ।

सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




# राज्य रजत जयंती पर दो दिवसीय विशेष सत्र होगा आयोजित

## थराली में धराली की तर्ज पर विशेष पुनर्वास पैकेज दिया जाएगा: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में राज्य के आपदा प्रबंधन, प्रशास. निक सुधार और स्थानीय स्तर पर सेवा वितरण को प्रभावी बनाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि थराली क्षेत्र को भी धराली की तर्ज पर विशेष राहत और पुनर्वास पैकेज प्रदान किया जाए।

जोशीमठ में भी राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों को शीघ्रता से आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा की रजत जयंती के अवसर पर आगामी नवंबर माह में दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

प्रशासनिक सुगमता के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी और बीडीओ के कार्यालय एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से स्थापित किए जाएँगे, जिससे जनता को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुँच मिल सके।

इसके साथ ही, ग्राम सभा स्तर पर सप्ताह में एक दिन पंचायत भवन में पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, आशा और आँगनबाड़ी कार्यकर्त्री की उपस्थिति रोस्टर के अनुसार अनिवार्य की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही सभी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# मुख्य सचिव ने ली कार्बन क्रेडिट के सम्बन्ध में बैठक

## प्रदेश में पर्यावरण विभाग होगा कार्बन क्रेडिट के लिए नोडल विभाग: आनन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में कार्बन क्रेडिट के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के लिए कार्बन क्रेडिट आय के नए स्रोत के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी विभागों द्वारा कार्बन क्रेडिट की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश में पर्यावरण विभाग कार्बन क्रेडिट के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य, जिसका अधिकतम भूभाग वन से आच्छादित है, के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास के भी नए अवसर पैदा करता है। उत्तराखण्ड के किसान और स्थानीय समुदाय कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि वन, कृषि और सहकारिता विभाग विभाग में कार्बन क्रेडिट की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने सहकारिता विभाग को अपने अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को इसमें शामिल कर कार्बन क्रेडिट्स की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को कार्बन क्रेडिट और ग्रीन क्रेडिट की दिशा में शीघ्र तेजी से कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कृषि विभाग एवं दुग्ध विकास विभाग को भी कार्बन क्रेडिट पर कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय समुदायों की सहभागिता से जैव विविधता की रक्षा होगी एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

पर्वतीय क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के नए अवसर के साथ ही किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर भी मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, विनोद कुमार सुमन, सी. रविशंकर, श्रीधर बाबू अद्दांकी, अपर सचिव विनीत कुमार एवं हिमांशु खुराना सहित नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




# प्रदेश में 112 सड़कें अवरुद्ध: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में यूआरआरडीए के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने कहा कि बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोलने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों एवं पुलों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था शीघ्र सुचारू हो सके। उन्होंने कहा कि



अलर्ट मोड पर रहते हुए नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।

अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि भारी वर्षा के चलते प्रदेश में इस समय कुल 112 सड़कें अवरुद्ध हैं। इनमें गढ़वाल मंडल में 85 और कुमाऊं मंडल में 27 सड़कें बाधित हैं। साथ ही कुमाऊं क्षेत्र के पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला में 01 पुल बह गया है, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में 06 पुल बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन मार्गों एवं पुलों की बहाली के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बैठक में यूआरआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक रोहिला, मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।






# अनिल बलूनी व धन सिंह रावत ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, चमोली के प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत,कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने आपदाग्रस्त थराली एवं चेपड़ो का दौरा कर पीड़ितों का दु:ख दर्द जान कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



सोमवार की देर सांय गढ़वाल सांसद, शिक्षा मंत्री के साथ पहले कुलसारी स्थिति राहत शिविर पहुंचे जहां पर उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर आपदा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर शिविर में दिक्कतों के बारे में पूछा, पीड़ितों ने शिविर में किसी असुविधा से इन्कार करते हुए सांसद से मदद की गुहार लगाई।इस पर सांसद बलूनी ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ितों की हर तरफ से मदद तों कर ही रही हैं वें केंद्र सरकार से भी हरसंभव मदद करवाएंगे। यहां पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा जो कि पिछले तीन दिनों से ग्राउंड जीरो में रह कर रहत का कार्य कर रहे हैं। सांसद एवं प्रभारी मंत्री को आपदा के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद सांसद का काफिला आपदाग्रस्त थराली पहुंचा जहां पर उन्होंने आपदा से हुऐ नुकसान का जायजा लिया। और पीड़ितों से वार्तालाप किया। उसके बाद सांसद केदारबगड़,रडीबगड़ में नुकसान का जायजा लेते हुए सर्वाधिक आपदाग्रस्त चेपड़ो पहुंचे जहां पर उन्होंने आपदा से हुए नुकसान पर चिन्ता जताते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। यहां पर वे आपदा में घायल पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी के घर गयें और उनकी कुशल-क्षेम पूछी। जोशी ने आपदा की रात हुए घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से आपदा के दौरान उनके पिता गंगा दत्त जोशी लापता हो गए हैं। सांसद, मंत्री एवं विधायकों ने जोशी को ढांढस बंधाते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद बलूनी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जिस तरह से आपदाग्रस्त क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्य किये जा रहें हैं वह सराहनीय है। वें भी केंद्र सरकार से पीड़ितों के लिए जितनी सहजता हो सकती है भिजवाने का प्रयास करेंगे। प्रभारी मंत्री एवं चिकित्सा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में प्रयाप्त चिकित्सकों, चिकित्सकीय स्टफ दवाओं के साथ मौजूद हैं, एम्स ऋषिकेश में एडमिट सभी 6 घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा दी जा रही हैं,सभी जल्द स्वस्थ हो कर अपने घरों को लौट आएंगे।

## लगातार बाधित हो रहा धराली आपदा के बाद गंगोत्री हाईवे

**उत्तरकाशी:** पाँच अगस्त को धराली में आई आपदा के 21 दिनों बाद भूस्खलन अभी तक थम नहीं रहा है। सीमा क्षेत्र से लगातार सड़क मार्ग अवरुद्ध है। गौरतलब है कि भारत- चीन सीमा के सामरिक दृष्टि से यह अति महत्वपूर्ण मार्ग है। आने वाले समय में चारधाम सड़क परियोजना के तीसरे चरण उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम तक करीब 100 किलोमीटर का कार्य अभी शुरू भी नहीं हुआ है, उत्तरक. ाशी से गंगोत्री मार्ग के पहाड़ अति संवेदनशील हैं। वर्ष 2009-2010 भागीरथी घाटी के लोहारी नागपाला एवं पाला मनेरी समेत अन्य विद्युत परियोजनाओं को रद्द किया जा चुका है, जबकि उन परियोजनाओं का 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका था। परियोजनाओं के लिए बनी टनल कम्पलीट हो चुकी थी। परियोजनायें तो रद्द हो गयी हैं।

## चिन्यालीसौड़ शिक्षकों ने दिया एक दिवसीय धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़** 25 अगस्त:राजकीय शिक्षक संघ के आव्हान पर विकासखंड चिन्यालीसौड़ के 240 शिक्षकों ने एक दिवसीय हड़ताल कर विकासखंड कार्यालय में धरना दिया। सोमवार को शिक्षिकाएं व शिक्षकों ने आवेदन देकर एक दिन का अवकाश लिया और ब्लॉक मुख्यालय के सामने धरना दिया।

शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विपिन थपलियाल व मंत्री गम्भीर राणा के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

इसके लिए ब्लॉक के 24 विद्यालयों के 240 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अवकाश लिया। सोमवार को स्कूलों में बारिश के चलते जिलाधिकारी के आदेश पर अवकाश था इसलिए पढ़ाई बाधित नहीं हुई।

उक्त धरना प्रदर्शन में खिलानंद नौटियाल मनवीर रावत पुरुषोत्तम आदि लोग उपस्थित रहे।प्रदर्शन में शिक्षकों ने शासन की नीतियों को जमकर कोसते हुए आवाज बुलंद की। धरना के बाद शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी गब्बर सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपा।

## भूस्खलन क्षेत्र का ड्रोन से करवाया सर्वे

**उत्तरकाशी:** गंगोत्री हाईवे पर नलूणा में हो रहे भूस्खलन के बाद अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र के निर्देशों पर आपदा प्रबंधन के ड्रेन ऑपरेटर एवं मास्टर ट्रेनर ने ड्रोन के माध्यम से नलूणा में वीडियो एवं फोटोग्राफ तथा वहां पर संचालित हो रहे कार्यों में तेजी लाने के लिए मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक पैदल मार्ग आर्य ट्रस्ट के ऊपर से स्याबा पुल तक पुराना पैदल मार्ग कि0मी0 3.5 उपलब्ध है।उक्त स्थान पर पुलिस 7, होमगार्ड 01, पीआरडी 3, बीटीएल टेलीकॉम 9, यूपीसीएल 30, बीआरओ 10 कार्मिक तैनात है।

# भूस्खलन और भू-धंसाव से गंगोत्री यमुनोत्री हाईवे बंद

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी:** जिले भर में भारी बारिश के कारण गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह पर भूस्खलन और भू धंसाव के चलते बंद है। राहगीरों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा हैं। वहीं गंगोत्री हाईवे पर नाल. ूपानी के पास पहाड़ी से लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिससे हाईवे के दोनों और गाड़ियों की लंबी लाइन लगी हुई है। रुक-रुक कर हो रही बारिश से बीआरओ को हाईवे खोलने में भारी दिक्कतें आ रही है। लोग हाईवे के दोनों ओर फंसे हुए हैं और मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं।



सोमवार को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के नलूणा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हो रहा भूस्खलन से नासूर बन गया है। रविवार को पहाड़ी से लगातार पत्थरों की बरसात हुई, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने के कारण सड़क पर आवा. जाही पूरे दिन भर ठप रही, और गंगोत्री की ओर जाने वाला यातायात पूरी तरह से रुक गया। ये भूस्खलन हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद हुआ , जिसने उत्तरकाशी और आसपास के क्षेत्रों में कई मार्गों को प्रभावित किया है। प्रशासन और बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की टीमें मार्ग को साफ करने और यातायात बहाल करने के लिए लगातार कोशिश कर रही हैं, लेकिन बारिश और भूस्खलन की वजह से मार्ग को खोलने में काफी परेशानीया आ रही है। प्रशाशन ने स्थानीय लोगों और यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

उधर यमुनोत्री हाईवे जगह जगह सड़क धंसने और चट्टानी मलबा बोल्डर आने से वाहनों की आवा. जाही शुरू नहीं हो पा रही है। यमुनोत्री धाम समेत अन्य गांव के ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय में अपना रोजमर्रा काम करने के लिए कई किमी दूर पैदल चलकर आना पड़ रहा है । ग्रामीणों ने एनएच विभाग से जल्द ही यमुनोत्री हाईवे खोलने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तक आने कोई दिक्कतें ना हो।

### एक नजर .......

## डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य व प्रमोद चौधरी रुड़की में हुए सम्मानित

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के झण्डीचौड उत्तरी में अम्बेडकर मंच कोटद्वार द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड द्वारा रुड़की में आयोजित कार्यक्रम में समा. जसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु अकादमी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी व मण्डल अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र लाल आर्य को आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप द्वारा सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त की गई ।इस अवसर पर मंच की अध्यक्षा गीता सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों में शिक्षा का विस्तार करना व दीन दुखियों की सेवा करना ही सच्चा धर्म है । मोहन सिंह भारती ने कहा कि प्रमोद कुमार चौधरी छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर रहे हैं । सभा का संचालन प्रशांत चौधरी ने किया । सभा को जॉनी मेस्सी, आलम सिंह, अनुज कुमार ने संबोधित किया । सभा मे जय सिंह, बीर सिंह, मोहन सिंह भारती, नन्द लाल धनगर, अमेरिका सिंह, लक्ष्मी देवी, प्रिया आदि शामिल रहे ।

## गोरखाली समाज ने धूमधाम से मनाया हरितालिका तीज महोत्सव

**कोटद्वार ।** भारतीय गोरखाली समाज सेवा समिति द्वारा हरितालिका तीज महोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि मनीराम शर्मा, महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत की धर्मपत्नी, जिलाध्यक्ष भाजपा राज गौरव नौटियाल व कोऑपरेटिव के अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । तत्पश्चात रमाइलो हरतालिका तीज कमेटी के सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत के लिए स्वागत गीत में नृत्य कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया और पूरे दिन संस्कृत कार्यक्रम चलते रहे । कार्यक्रम में हरतालिका तीज क्वीन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें प्रथम पूनम थापा, द्वितीय अंजलि व तृतीय सपना छेत्री रही । वहीं लकी ड्रा कूपन में प्रथम पुरस्कार युवांश थापा, द्वितीय पुरस्कार नंदनी एवं तृतीय पुरस्कार अमित बलोदी ने प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक, द्वितीय फ्रिज, तृतीय स्मार्ट टीवी थी ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में जितने भी प्रतिभागियों ने भाग लिया था सबको भारतीय गोरखाली समाज सेवा समिति द्वारा मेंमेटो प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## सतपुली में टैंट फाड़कर अंदर घुसा गुलदार, सो रहे सात साल के मासूम पर किया हमला, बुरी तरह घायल

**सतपुली।** सतपुली क्षेत्र में गुलदार के हमले से लोगों में दहशत है। देर रात एक मासूम पर गुलदार ने हमला कर दिया हालांकि बच्चा बाल-बाल बच गया। सतपुली मल्ली में देर रात गुलदार ने टैंट फाड़कर अंदर सो रहे सात साल के बच्चे पर हमला कर दिया। घटना रात करीब 11रू30 बजे की है। गुलदार के हमले से बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। सूरज सिंह, उम्र 7 वर्ष, पुत्र तिलक सिंह, निवासी नेपाल पर देर रात गुलदार ने हमला किया। गुलदार के हमले में बच्चे के हाथ पर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना है। वन विभाग ने पिंजरे लगाए हैं, ट्रैप कैमरे भी लगाए जा रहे हैं और गश्त जारी है।

## पुलिस विभाग ने सरस्वती विद्या मन्दिर बेलनी में चलाया जागरूकता कार्यक्रम,

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस विभाग के तत्वाधान में सरस्वती विद्या मन्दिर बेलनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसके अलावा बाल अपराध, महिला अपराध व सुरक्षा, गुड टच बैड टच की जानकारी भी दी गई।

यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मन्दिर बेलनी में छात्रों को यातायात नियम, दुपहिए वाहन में अनिवार्य रूप से हेल्मेट पहनने, नाबालिग बच्चों से वाहनों का संचालन न कराने, निर्धारित गतिसीमा में वाहन का संचालन करने, नशे की हालत में वाहन का संच. ालन न करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद करने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नशे के सेवन व व्यापार से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर यथा इमरजेन्सी हेल्पलाइन नम्बर डायल 112, साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 की जानकारी देकर अपनी नोट बुक में लिखे जाने के लिए बताया गया।

# शिक्षकों ने बीईओ कार्यालयों में किया धरना प्रदर्शन

**■ प्रधानाचार्य पदों पर पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया समेत कई मुद्दों पर जताया रोष 27 अगस्त को नरेंद्रनगर में धरना देने की घोषणा, समझौते का पालन न करने पर सरकार को घेरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने सोमवार को अपने-अपने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर सरकार से लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने ज्ञापन भेजकर स्पष्ट किया कि उनकी प्रमुख मांगों में प्रधानाचार्य पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति, स्थानांतरण प्रक्रिया का शीघ्र आरंभ और अन्य शिक्षा हित से जुड़े मुद्दे शामिल हैं।

जिलाध्यक्ष दिलवर रावत और मंत्री डॉ. बुद्धि प्रसाद भट्ट ने बताया कि पूर्व निर्धारित चाकडाउन हड़ताल के बाद अब शिक्षकों ने बीईओ कार्यालयों में धरना देकर अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है, जिसके चलते शिक्षक मध्य शैक्षणिक सत्र और बारिश के मौसम में भी मजबूर होकर आंदोलन करने को बाध्य हुए हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में सरकार और शिक्षक संघ के बीच हुए समझौते को भी लागू नहीं किया गया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को सभी शिक्षक आकस्मिक अवकाश लेकर नरेंद्रनगर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में भाग लेंगे।

प्रतापनगर में ब्लॉक अध्यक्ष नीरज पैन्यूली के नेतृत्व में शिक्षकों ने बीईओ पूनम चौहान के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर लवजीत बधानी, कमलनयन रतूड़ी, कुलदीप चौहान, प्रमिला रावत, सुमन डोभाल, रेणुका रावत, विजयपाल रावत, बलवीर चौहान, विनोद सेंसवाल, देशबंधु भट्ट और गिरीश पैन्यूली सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

वहीं चंबा ब्लॉक में मंडलीय संरक्षक रविंद्र राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कोठियाल, मंत्री सुरेश शाह, उदयवीर राणा, हितेंद्र पंवार, सुनील असवाल, सरिता नौटियाल, अमरजीत, देवेश्वरी राणा, विजय गुसाई, कृष्ण बहादुर सिंह, राकेश बधानी, महावीर डंगवाल, भगवान सिंह, विजय बहुगुणा, विनोद नौटियाल, हर्षपति आर्य और रानी पयाल ने बीईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया।

यहां शिक्षकों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अपनी मांगें पूरी कराने की जोरदार हुंकार भरी और ज्ञापन सौंपा।

## उपजिलाधिकारी कार्यालय थराली के पीछे पहाड़ी से मलबा आने पर मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**दोपहर करीब एक बजे राडीबगड में तहसील और उपजिलाधिकारी कार्यालय के पीछे पहाड़ी से एक बार फिर से भारी मात्रा में पानी के साथ मलवा पत्थरों के बहकर आने से तहसील परिसर एवं दुकानों में अफरातफरी मच गई,घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट, उपजिलाधिकारी कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगड, थानाध्यक्ष पंकज कुमार मौके पर पहुंचे।

विगत दिनों की बड़ी आपदा से वैसे ही यहां लोग दहशत में हैं और अभी-अभी इसकी पुनरावृत्ति होने से चारों ओर से लोग तहसील कार्यालय की ओर दोड़ पड़े, खतरे को देखते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय के सभी आवश्यक दस्तावेज,फर्नीचर, इलैक्ट्रोनिक सिस्टम आदि को आनन-फानन कार्यालय से बाहर निकाल कर सुरक्षित जगहों पर रखा गया, उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट और सोहन सिंह रांगड भी स्वयं कार्यालय को खाली करने और सामनों को शिफ्ट कर रहे थे।

उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने बताया कि यहां तहसील परिसर और राड़ीबगड़ क्षेत्र बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है इसको देखते हुए सभी को आपदा राहत शिविर राजकीय पालिटेक्निक कालेज कुलसारी में भेजा जा रहा है,और तहसील और उपजिलाधिकारी कार्यालय को कुलसारी में सतलुज कैंपस में संचा. लित किया जाएगा।

## आईटीबीपी जवान चमन लाल का राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला** (उत्तरकाशी): देश की रक्षा को समर्पित माटी का लाल आईटीबीपी जवान चमन लाल को आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। पैतृक गांव नेत्री से जवान के

अंतिम संस्कार के समय आईटीबीपी के जवानों ने शोक सलामी दी और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अपने साथी को विदाई दी।

उनकी अंतिम यात्रा के दौरान "भारत माता की जय" और "शहीद चमन लाल अमर रहें" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने भीगी आंखों से अपने वीर बेटे को अंतिम विदाई दी।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पुरोला बिहारी लाल शाह ने जवान की पार्थिव देह पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बिहारी लाल शाह ने कहा कि ख्र "देश की सीमाओं की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले जवान का असमय चला जाना बेहद विचलित करने वाला है। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।"चमन लाल का बलिदान क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उनके परिजनों और गांव के लोगों ने कहा कि वह हमेशा देशभक्ति और वीरता की मिसाल बने रहेंगे।बता दें कि कि चार माह पूर्व ऑपरेशन सिंदूर के वक्त छुट्टियां पर आए जवान चमन लाल ड्यूटी पर लौट रहे थे ।

## रोटरी क्लब अलकनंदा वैली अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलकनंदा वैली उत्तराखंड का पंचम अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रविप्रकाश, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन विकाश गर्ग और क्जीक्यूटिव सेक्रेटरी रोटेरियन पंकज पांडे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव मनोज कंडवाल ने 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस मौके पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन सुनील बिजल्वान को इस वर्ष 2025-26 के दायित्व निर्वहन के कॉलर धारण करवाया गया।

## आभूषण चोरी के दो दोषियों को अदालत ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यालय स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में हुई आभूषण चोरी के आरोप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी की अदालत ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

रुद्रप्रयाग नगर में मुख्य बाजार स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से अभियुक्त साजिद व रुकसाना द्वारा ज्वैलरी खरीदने का बहाना बनाकर दुक. ानदार का ध्यान भटकाते हुए अपनी बातों में उलझा कर दुकान से सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए। उक्त घटना दुकान की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गई। उक्त चोरी के संबंध में दुकानदार द्वारा कोतवाली रुद्रप्रयाग में तहरीर दी गई, जबकि पुलिस ने विवेचना करते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में विचारण के बाद सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी की अदालत ने अभियुक्त साजिद एवं रुकसाना को धारा 380 भारतीय दण्ड संहिता में दोषी पाते हुए तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जबकि दो-दो हजार रूपये के जुर्माने से भी दण्डित करने का आदेश दिया। जुर्माना अदा न करने पर प्रत्येक अभियुक्त को तीन-तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने का आद. ेश दिया। साथ ही धारा 411 भारतीय दण्ड संहिता में दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए एक-एक वर्ष का कठोर कारावास तथा एक-एक हजार रूपये के जर्माने से दण्डित किया गया। जुर्माना अदा ना करने पर प्रत्येक अभियुक्तगण एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने की भी सजा सुनाई। मामले में राज्य सरकार की ओर से अभियोजन अधिकारी प्रमोद चन्द्र आर्य ने प्रभावी पैरवी की।

# यमुना घाटी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य हुई टीमें तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत ने यमुना घाटी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमें तैनात करने के दिशा दिऐ है।

सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, यमुना वैली डॉ आर सी आर्य ने आपदाग्रस्त क्षेत्र स्यानाचट्टी एवं राणाचट्टी का स्थलीय भ्रमण कर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित भंडारी को निर्देश दिए गए कि जब तक आपदा प्रभावित क्षेत्र की स्थिति सामान्य न हो जाए तब तक सतत् रूप से रोटेशन के आधार पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमें तैनात रखकर सभी



प्रभावित लोगों को हरसंभव चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आपदाग्रस्त क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं को जिनका प्रसवकाल नजदीक है, उन्हें अतिशीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव में पहुंचाना सुनिश्चित करें। डॉ आर सी आर्य ए पी एच सी राणा का भ्रमण किया गया। बता दें बीते शनिवार की रात्रि को राणाचट्टी में बादल फटने की घटना के कारण अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राणा की सुरक्षा दीवार पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे कि चिकित्सालय के मुख्य भवन और आवासीय भवन को खतरा उत्पन्न हो गया है। त्वरित कार्यवाही हेतु इसकी जानकारी उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रदान की जा चुकी है।आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तैनात टीमों को उनके द्वारा निर्देश दिए गए है कि चौबीसों घंटे आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां, ऑक्सिजन एवं आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण पर्याप्त मात्रा में रखे जाएं। इस मौके पर डॉ रोहित भंडारी, डॉ जगदीप बिष्ट, डॉ आशीष कुमार, डॉ पवन वा फार्मेसी अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीनगर में युवक ने अलकनंदा नदी में लगाई छलांग

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत अलकेश्वर घाट के समीप नैथाणा पुल से एक युवक ने अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी। इस मौके पर घाट पर टहल रहें लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को दी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, जल पुलिस की टीम ने युवक की खोजबीन शुरू की, लेकिन अलकनंदा नदी का तेज बहाव होने के कारण युवक बह गया। जिसके चलते एसडीआरएफ को रेस्क्यू आपरेशन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीआरएफ के इंचार्ज मंजरी नेगी ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे के करीब एक युवक ने अलकनंदा नदी में छलांग लगाने की सूचना प्राप्त हुई।

## अपर जिलाधिकारी ने थराली क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित स्थानों का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को थराली क्षेत्र में अतिवृष्टि से प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेपड़ो में आपदा प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनका हाल जाना और उनके दु:ख को साझा करते हुए प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



एडीएम ने स्थानीय निवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में जारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए सभी लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ तथा प्रशासन द्वारा बनाए गए आपदा राहत केंद्रों में पहुँचे, जहाँ आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।उन्होंने बताया कि मलबा साफ कर सड़कों को लगभग सुचारु कर दिया गया है।मौसम अनुकूल रहने पर शीघ्र ही पेयजल, विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर रहा है और आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उनके साथ एसडीएम अबरार अहमद मौजूद रहे।

## मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक पहल

# नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम को मंजूरी

■ सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने में सहायक होगा यह कार्यक्रम



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखण्ड ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम को स्वीकृति दे दी है। स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने कहा कि सरकार का यह निर्णय मातृ एवं नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

सोमवार को सचिवालय में राज्यस्तरीय मिडवाइफरी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम को उत्तराखण्ड में प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई। गौरतलब है कि वर्तमान में उत्तराखण्ड का मातृ मृत्यु अनुपात 104 प्रति एक लाख जीवित जन्म है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 88 प्रति एक लाख जीवित जन्म है।

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार के अनुसार नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखण्ड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी कार्यक्रम से राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और इससे उत्तराखण्ड के मृत्यु दर (एमएमआर) में कमी आएगी।बैठक में मिशन निदेशक मनुज गोयल, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा. रश्मि पंत, डा. शिखा जंगपांगी, निदेशक स्वास्थ्य महानिदेशालय, डा. सीपी त्रिपाठी, निदेशक, स्वास्थ्य महानिदेशालय, डॉ. उमा रावत, सहायक निदेशक एनएचएम, वरिष्ठ परामर्शदाता, एनएचएम डॉ. नितिन अरोरा आदि विभाग के प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### 30 नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफ का होगा पहला बैच

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि जल्द ही 30 नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफ के पहले बैच की शुरुआत की जाएगी। इसके लिए एक विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। यह 18 माह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य मिडवाइफरी प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून में संचालित होगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद, जीएनएम/बी.एससी. नर्सिंग पृष्ठभूमि वाली प्रशिक्षित मिडवाइफ को राज्य के चयनित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात किया जाएगा।ये प्रशिक्षित मिडवाइफ संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण, सम्मानजनक एवं साक्ष्य-आधारित मातृत्व सेवाएं प्रदान करेंगी, जिससे प्रसव सुरक्षित होंगे तथा माताओं एवं नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा। यह पहल भारत सरकार की मिडवाइफरी पहल एवं सतत् विकास लक्ष्यों के अनुरूप है और उत्तराखण्ड को मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।

# हां पार्टी ने चेक से 27 करोड़ प्राप्त किए थे: त्रिवेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने हरक सिंह रावत के सवालों और दिल्ली में हुई बैठक से नाराज हो कर जाने के सवालों का सोमवार को जवाब दिया। कहा कि दिल्ली में हुई बैठक से वहां तुरंत ही लौट गए थे यह बिल्कुल सच है, इसके पीछे कोई नाराजगी नहीं बल्कि बात केवल इतनी सी है कि उन्हें किसी दूसरी जगह जाना था।

बैठक में शामिल होकर अपनी व्यस्तता की जानकारी दी और तुरंत वहां से निकल गए। हरक सिंह रावत की और से 30 करोड़ रुपए की एफडी कराने का आरोप लगाया गया था, जिसके जवाब में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वो हरक सिंह रावत को तब से जानते हैं, जब वह 12वीं कक्षा में पढ़ते थे और लगातार उन्हें देखते आ रहे हैं कि वह किस तरह से अपने बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि एक पार्टी को चलाने के लिए कार्यकर्ता और पैसे की भी जरूरत होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों पर पार्टी ने चंदे के पैसे में पारदर्शिता रखते हुए इसे पूरी तरह से नंबर एक में चौक से लिए और चेक के माध्यम से लिया तो इसमें गलत क्या है? उन्होंने कहा कि यह बात सच है कि उसमें पार्टी ने 27 करोड रुपए के चेक प्राप्त किए थे और उन्हें इस बात को स्वीकार करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं है और यह सब ऑन रिकॉर्ड है।

# एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई, 10 बीघा जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की ध्वस्त



■ भू-खरीद-फरोख्त से पूर्व एमडीडीए से स्वीकृति की पुष्टि अवश्य कर लें: तिवारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज शीशमबाड़ा परवल रोड स्थित मो. कामिल द्वारा, ग्यान आईस्टीन स्कूल के निकट लगभग 10 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।

यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेश पर की गई। मौके पर सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता नौन्सी, सुपरवाइजर और पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध निर्माणों को हटाया गया। एमडीडीए की यह कार्रवाई भविष्य में अवैध प्लॉटिंग रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा अवैध प्लॉटिंग और अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्राधिकरण क्षेत्र में जहां भी अवैध निर्माण या प्लॉटिंग की जाएगी, उस पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील है कि भू-खरीद-फरोख्त से पूर्व एमडीडीए से स्वीकृति की पुष्टि अवश्य कर लें।

# राजीव गांधी नवोदय स्कूलों में छात्रों को मिलेगी लेटरल एंट्री

## कक्षा 7, 8, 9 व 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे प्रतिभावान छात्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में पढ़ने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिये खुशखबरी है। अब इन विद्यालयों में कक्षा-7, 8, 9 एवं कक्षा-11 में रिक्त सीटों पर प्रदेश के होनहारों को लेटरल एंट्री (पार्श्व प्रवेश) के माध्यम से दाखिला मिल सकेगा। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत के अनुमोदन के बाद शासन स्तर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। जिसमें विभागीय अधिकारियों को पार्श्व प्रवेश प्रक्रिया को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।



प्रदेशभर के राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अब उच्च कक्षाओं की सीटें रिक्त नहीं रहेंगी। लेटरल एंट्री (पार्श्व प्रवेश) के माध्यम से खाली सीटों पर योग्य छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में शासनादेश जारी कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं... **डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अबतक मात्र कक्षा-6 में ही प्रवेश का प्राविधान था। लेकिन कई छात्र-छात्राओं का अन्यत्र विद्यालयों में चयन होने से उच्चतर कक्षाओं में सीट रिक्त रह जाती थी। ऐसे में विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण उपयोग के उद्देश्य से सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय उच्चाधिकारियों को को पार्श्व प्रवेश की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिये थे। जिसके क्रम में विद्यालयी शिक्षा सचिव ने शासनादेश जारी कर अधिकारियों को लेटरल एंट्री के माध्यम से इच्छुक छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने के निर्देश दिये हैं। जिसके तहत अब राजीव गांधी नावेदय विद्यालयों में कक्षा-6 के लिये होने वाली प्रवेश परीक्षा के साथ ही कक्षा-7, 8, 9 एवं कक्षा-11 में रिक्त रहने वाली सीटों पर पार्श्व प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त कक्षाओं में अभ्यर्थियों को श्रेष्ठता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा रिक्त सीटों के सापेक्ष एक प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी ताकि परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी द्वारा यदि प्रवेश नहीं लिया जाता है तो रिक्त सीट के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थी का चयन किया जा सके। संबंधित कक्षा में प्रवेश के लिए आयु सीमा की गणना/निर्धारण नई शिक्षा नीति के अनुरूप किया जायेगा साथ ही रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के तहत अनुमन्य होगा। इसके अलवा कक्षा-7, 8, 9, तथा कक्षा-11 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त संस्था से पूर्व कक्षा यथा 6, 7,8 एवं 10 में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पार्श्व परीक्षा का आयोजन उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कवे पार्श्व परीक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चत करें ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसका लाभ ले सकें।

# पीजी के बाहर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## गिरफ्तार आरोपी प्रेमनगर यूनिवर्सिटी में बी-फार्मा तृतीय वर्ष का है छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विकास दिवस थाना प्रेमनगर स्थित गंगोत्री बॉयज हॉस्टल के सामने 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। लड़कों के हॉस्टल के सामने चलाई गई गोली की घटना के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई थी जिसके बाद संबंधित थाना अध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे।

घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फूटेज को चौक किया गया एवं पी०जी० के संचालक साहिल ग्रेवाल पुत्र संदीप कुमार निवासी कमालपुर छुटमलपुर सहारनपुर से पूछताछ की गई, जिससे जानकारी मिली कि उक्त हॉस्टल में वैभव तिवारी पुत्र शिव बचन तिवारी निवासी वाराणसी रहता है, जो घटना के समय हॉस्टल में मौजूद नही था। वैभव तिवारी का यूनिवर्सिटी के अन्य छात्रों के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था। सीसीटीवी फुटेज में भी 02 व्यक्ति दूर फायर कर भागते दिखायी दिये। घटना के संबंध में थाना प्रेमनगर पर हॉस्टल संचालक साहिल ग्रेवाल द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर अज्ञात अभियुक्त गणों के विरूद्व धारा 109/351(3) बीएनएस एवं धारा 3/25/27 आर्म्स अधिनियम पंजीकृत किया गया।

मामले में थाना प्रेमनगर में 04 अलग अलग पुलिस टीमे गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन करते हुए यूनिवर्सिटी में पड़ने वाले अन्य छात्रो से गहनता से पूछताछ की गई, जिससे घटना मे शामिल 02 छात्रों की जानकारी पुलिस टीम को प्राप्त हुयी। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा दोनों आरोपियों के घरों पर दबिश दी गई किन्तु घटना के बाद से ही दोनों अभियुक्त अपने घरों से फरार चल रहे थे तथा दोनों के मोबाईल फोन भी बन्द होना पाये गये। पुलिस टीम द्वारा लागातार दी जा रही दबिश व चौकिंग के फायरिंग की घटना में प्रकाश में आए आरोपी वेद भारद्वाज को पुलिस टीम द्वारा फन एंड फूड मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा साल्व एक जिन्दा एवं एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी छात्र ने बताया कि वह प्रेमनगर देहरादून स्थित एक यूनिवर्सिटी में बी- फार्मा तृतीय वर्ष का छात्र है। पूछताछ में घटना में शामिल कुछ अन्य आरोपी/छात्रों के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही है।

# वन सेवा अधिकारियों के बंपर तबादले

## वन मुख्यालय से लेकर शासन स्तर और जिलों में भी हुआ बड़ा फेरबदल




■ प्रमुख वन संरक्षक हॉफ समीर सिन्हा कैंपा की जिम्मेदारी संभालेंगे ■ कहकशां नसीम को प्रतिनियुक्ति पर जलागम भेजा ■ संजीव चतुर्वेदी को निदेशक वानिकी प्रशिक्षण अकादमी की जिम्मेदारी दी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बहुप्रतीक्षित भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के तबादले आखिकार ही ही गये है। वन मुख्यालय से लेकर शासन और प्रतिनियुक्ति से जुड़े कुछ पदों पर भी बदलाव हुए हैं, यही नहीं फील्ड पोस्टिंग पर भी नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएफएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव को लेकर काफी लंबे समय से होमवर्क चल रहा था, सोमवार को तबादला सूची जारी की गई है।

प्रमुख वन संरक्षक हॉफ समीर सिन्हा पूर्व की भांती कैंपा की जिम्मेदारी भी देखते रहेंगे।

रंजन कुमार मिश्रा से वन संरक्षण नोडल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार हटाया गया है, वहीं, उत्तराखंड वन विकास निगम में नीना ग्रेवाल को प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया। एसपी सुबुद्धि को प्रमुख वन संरक्षक वन संरक्षण नोडल अधिकारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई। उत्तराखंड शासन में तैनात अपर सचिव कहकशां नसीम की जगह कल्याणी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, फिलहाल कहकशां नसीम अपर सचिव वन के अलावा यमुना सर्कल कार्यभार संभल रही थी, अब इन दोनों ही जिम्मेदारियों को कल्याणी को सौंपा गया है। कहकशां नसीम को प्रतिनियुक्ति पर जलागम भेजा गया है। सुशांत पटनायक को वन अग्नि एवं आपदा प्रबंधन की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई। तेजस्विनी पाटिल को मुख्य वन संरक्षक और निर्देशक वन प्रशिक्षण पद से हटा कर उन्हें मुख्य वन संरक्षक कार्य योजना और कुमाऊं चीफ की जिम्मेदारी दी गई। आईएफएस संजीव चतुर्वेदी से कार्य योजना की जिम्मेदारी वापस ली गई उन्हें मुख्य वन संरक्षक, निदेशक वानिकी प्रशिक्षण अकादमी की जिम्मेदारी दी गई।

धीरज पांडे को गढ़वाल का चीफ बनाया गया। साउथ सर्किल की जिम्मेदारी नीतीश मणि त्रिपाठी को दी गई है, बीजू लाल को सदस्य सचिव उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड भेजा गया है। पंकज कुमार को वन संरक्षक अनुसंधान की जिम्मेदारी दी गई। चंद्रशेखर जोशी को प्रभारी वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊं बनाया गया है। आकाश गंगवार को नैनीताल डीएफओ बनाया गया।

डीएफओ हरिद्वार वैभव कुमार को चकराता व स्वप्निल को हरिद्वार भेजा गया है। दिगांथ नायक को डीएफओ नरेंद्र नगर बनाया गया है। जीवन मोहन को लैंसडाउन, अभिमन्यु को गढ़वाल, सर्वेश कुमार को केदारनाथ, ध्रुव सिंह मार्तोलिया को रामनगर,तरुण एस को कालागढ़ का डीएफओ बनाया गया। महातिम यादव को उपनिदेशक राजाजी टाइगर रिजर्व से हटाकर अब उपवन संरक्षक नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की जिम्मेदारी दी गई है। आदित्य रन को बागेश्वर का डीएफ, रजत सुमन को रुद्रप्रयाग का डीएफ को बनाया गया। प्रणाली रमेश को उपवन संरक्षक वन संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई, वहीं, नरेश कुमार को अपर प्रमुख वन संरक्षक जाएका भेजा गया है।

# दून अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में अनियंत्रित धड़कन का इलाज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अनियंत्रित धड़कन हृदय रोग के मरीजों में होने वाली एक बीमारी है जिसमे धड़कन काफी तेज हो जाती है और मरीज को चक्कर आने लगते हैं। आम तौर पे यह बीमारी हार्ट के अंदर कुछ तंतुओं की वजह से होता है जिनकी विद्युत संचरण क्षमता असामान्य होती है। इन बीमारियो का जड़ से इलाज एक प्रोसीजर से किया जाता है जिसको इलेक्ट्रिफिजियोलॉजिक्सल स्टडी कहते हैं। स्पेशलाइज्ड कैथिटर से उन तंतुओं की पहचान की जाती है और रेडियो फ्रीक्वेंसी की मदद से उन्हें निष्क्रिय किया जाता है या उनके विद्युत संचरण क्षमता को प्रभावित किया जाता है। कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया कि तीन मरीज जिसमे से दो पी एस वि टी और एक फासिक्युलर वीटी के थे उनका 2 डी और 3 डी इलेक्ट्रो एनाटॉमिक मैपिंग कर के रेडियो फ्रीक्वेंसी एबलेशन किया गया।

# मां की फरियाद पर दो बेटों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में विधवा महिला निवासी भागीरथपुरम, बंजारावाला ने गुहार लगाई कि मेरे दो पुत्र नशे के आदी हैं और आए दिन मेरे साथ मारपीट एवं अभद्रता करते हैं कई बार उन्हें पुलिस एवं पार्षद ने भी समझाया, लेकिन वह सुधरने के बजाये और भी बिगड गये है। महिला को डर है कि उनके पुत्र उन्हें झोपडे में ही जान से मार सकते है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने गुंडा रूल्स 1970 नियामक की अनन्य शक्ति को किया क्रियान्वित करते हुए दोनों बेटों को नोटिस तामील कर दिए गए।जिलाधिकारी ने प्रकरण पर उसी दिन गोपनीय जांच करवाई तो स्थानीय लोगों, पड़ोसियों, जनप्रतिनिधियों मैं भी पुष्टि की है कि से प्रार्थिनी के दोनों पुत्रों शुभम पंवार व आये दिन अपनी माता के साथ मार-पीट करते रहते हैं तथा नशे के आदि होने के कारण पैसे की मांग तथा जान से मारने की धमकी देते हैं।

गोपनीय इंक्वायरी ऑफिसर ने स्पष्ट किया कि ष्आवश्यक प्रतीत होता है कि दोनों पुत्रों को प्रार्थिनी से दूर रखा जाये। बताया गया है कि जिलाधिकारी उसी दिन 2 घंटे के भीतर दोनो पुत्रों के विरूद्ध गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

# दुर्गा मल्ल ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गढ़ी कैंट गोरखाली सुधार सभागार में आजाद हिंद फौज के शहीद मेजर दुर्गा मल्ल को उनकी 81वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम उत्तराखंड राज्य नेपाली भाषा समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सबसे पहले अमर शहीद मेजर दुर्गा मल्ल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों एवं प्रमुख हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई दैवीय आपदा में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए 02 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री और ऋषिकेश विधायक प्रेम चंद्र अग्रवाल, पदम सिंह थापा, मधुसुदन शर्मा, राजीव गुरुंग, दिनेश उपाध्याय, दीवान सिंह, पूजा शर्मा, मनोज क्षेत्री, पुष्पा क्षेत्री, माया थापा, मीनू क्षेत्री, सपना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव के परिणाम साफ संकेत, 27 में धामी सरकार बनाने जा रही हैट्रिक: चमोली

## कांग्रेस में चल रही झूठे आरोप लगाने की प्रतिस्पर्धा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली ने कहा कि निकाय के बाद पंचायतों मे जिस तरह से पार्टी ने एक तरफा जीत हासिल की है उससे स्पष्ट संकेत है कि धामी सरकार 2027 के विस चुनाव मे हैट्रिक करने जा रही है।

पार्टी कार्यालय मे पत्रकारों से वार्ता करते हुए चमोली ने कहा कि पहले भी अच्छे काम से हमारी सरकार रिपीट हुई थी और जिस तरह ऐतिहासिक निर्णय लेकर मुख्यमंत्री धामी जनता के सुख दुख में साथ खड़े हैं, उससे किसी को हमारे दावों पर शक सूबा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि वहां भाजपा को गाली देने और झूठे आरोप लगाने की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश आपदा से जूझ रहा है और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राहत बचाव प्रबंधन में सरकार पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और क्षमता से कार्य कर रही है। जहां जहां जनता तकलीफ में है, वहां स्वयं मुख्यमंत्री पहुंचकर उनके दर्द को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। रेस्क्यू के दौरान ही शुरुआती मदद के तौर पर मृतकों के परिजनों और बेघर हुए लोगों को तत्काल 5 लाख दिए जा रहे हैं। केंद्र की मदद से अब तक का सबसे बेहतरीन आपदा प्रबन्धन हमारी सरकार चला रही है और प्रभावितों को मदद पहुंचा रही है। एक सवाल के जवाब मे उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार केंद्र और प्रदेश नेतृत्व की सलाह अनुसार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। ऐसे में उचित समय पर इस विषयगत निर्णय लिया जाएगा। मंत्रियों की कम संख्या को लेकर उन्होंने कहा, वर्तमान मंत्रिमंडल में ही मुख्यमंत्री ने बड़े-बड़े ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। हम सब विधायकों और संगठन ने मिलकर उनके निर्णयों को धरातल पर उतारकर प्रदेश का विकास किया है। इसी कैबिनेट ने धर्मांतरण कानून, यूनिफॉर्म सिविल कोड, नकल कानून, दंगारोधी कानून जैसे निर्णय लिए, उससे प्रदेश की छवि बहुत अच्छी बन रही है। वहीं सरकार के कामों को लेकर पूछे सवालों का जवाब देते हुए कहा, भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल देखें तो उसकी परिणिति रही कि हम लोग दोबारा सरकार में आए।

### सेमीफाइनल शानदार तरीके से जीता, फाइनल कितना बेहतर होगा



भाजपा के वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली ने कहा कि कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि यह सेमीफाइनल है तो आप देख सकते हैं कि हमने सेमीफाइनल कितनी अच्छी तरीके से जीता है तो फाइनल और कितना बेहतर होगा। कानून व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे सवालों के जवाब में कहा, इसे कुछ घटनाओं के आधार पर नहीं बल्कि समग्र रूप से देखना चाहिए। प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह दुरुस्त है, जितने भी तमाम बड़े-बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं उनमें कठोरतम कार्रवाई हुई है। शेष प्रकरणों में जो भी जांच हो रही है, उसमें पुलिस बेहतर काम कर रही है। वहीं कांग्रेस नेताओं के भाजपा पर लगाए आरोपों पर पलटवार कर कहा, इन दिनों विपक्ष में गाली देने की होड़ लगी है। वहां जो भाजपा को जो बड़ी गाली देगा बड़ा झूठा आरोप लगाएगा, वह वहां बड़ा नेता कहलाएगा। इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा कांग्रेस में चल रही है और यह माहौल चुनाव आते आते और बढ़ने वाला है।

### बहादराबाद टोल प्लाजा पर पांच दिनों से चल रहे धरने को

# डीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने किया समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** बहादराबाद टोल प्लाजा पर पांच दिनों से चला आ रहा किसानो का धरना सोमवार को जिलाधिकारी के आश्वाशन के बाद समाप्त हो गया। किसानों का धरना प्रदर्शन समाप्त होने से प्रशासन ने राहत कि सांस ली है।

उल्लेखनीय हैं कि बहादराबाद टोल प्लाजा पर गत पांच दिन से किसान स्मार्ट मीटर न लगाए जाने को लेकर देहरादून जा रहे थे। जिसको बहादराबाद के टोल प्लाजा पर पुलिस ने बेरीकेट्स लगा कर रोकना चाहा था जिसे लेकर किसानों व पुलिस से बीच भिड़ंत हो गई थी जिसमे एक दर्जन पुलिस वाले और कुछ किसान घायल हो गए थे। इसके बाद किसान टोल प्लाजा पर धरने पर बैठ गए थे, धरने को सभी किसान यूनियनों तथा कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन देकर धरने को धार दे दी थी। इसी बीच भारतीय किसान यूनियान (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने धरना स्थल पर पहुंच कर प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि किसान स्मार्ट बिजली मीटर नहीं लगवाएगे और किसानो पर लाठी चलाने वाले पुलिस कार्मियों के जब तक बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक वें धरना समाप्त नहीं करेंगे। इस पर उन्होंने आगामी 28 अगस्त को यहाँ किसान पंचायत का आयोजन करने को भी घोषणा कर दी थी। धरने को समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किसानो का एक प्रतिनिधि बुलाया और वार्ता के बाद जिलाधिकारी को किसानो की मांगे मानकर धरना समाप्त कराए जाने को कहा।

सोमवार शाम जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों की उचित मांगो को मानने का आश्वासन दिया। जिसमे लाठी चार्ज में शामिल पुलिस कर्मचारियों का ट्रांसफर, किसानो के मुकदमे वापस लेने, स्मार्ट मीटर को बिना किसानों की इच्छा से न लगाए जाने की मन मन ली। किसानो ने मांग मानने पर धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी गई।

# गत्ता फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का माल स्वाहा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह खेड़ली व बेगमपुर मार्ग पर स्थित एक गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना के समय प्लांट बंद था और अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना बेगमपुर में सुबह करीब 5 बजे हुई, जब अचानक फैक्ट्री में आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री से सटी आटा चक्की तक फैल गई। इस दौरान फैक्ट्री में खड़ी एक कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई, साथ ही गत्ता और अन्य सामान भी राख में तब्दील हो गया। आग की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फैक्ट्री खेड़ी निवासी महेश की बताई जा रही है, जबकि आटा चक्की उनकी जमीन पर थी, जिसे किसी अन्य व्यक्ति को किराए पर दिया गया था। बहादराबाद थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश राठौड़ ने बताया कि अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। घटना की जांच जारी है ताकि आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

# रीप परियोजना से आत्मनिर्भर बनी दिव्यांग बीना

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष द्वारा वित्तपोषित ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम कर रही है। यह परियोजना विशेष रूप से अल्ट्रा-पुअर श्रेणी की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता की नई राह दिखा रही है।

इसका एक जीवंत उदाहरण लक्सर विकासखंड के कंकरखाता गांव की बीना हैं। दिव्यांग होने के कारण बीना के पास आजीविका का कोई निश्चित साधन नहीं था, जिससे उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बीना संगम सीएलएफ के अंतर्गत आने वाले महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। ग्रामोत्थान परियोजना की टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनकी स्थिति को समझा। बीना ने टीम से एक प्रोविजन स्टोर खोलकर अपनी आजीविका शुरू करने की इच्छा व्यक्त की। उनकी लगन और इच्छाशक्ति को देखते हुए, परियोजना ने उन्हें अल्ट्रा-पुअर गतिविधि के तहत सहयोग प्रदान किया। प्रोविजन स्टोर की कुल लागत 39,500 रूपए थी। जिसमें बीना ने 4,500 का अंशदान दिया और शेष 35,000 की धनराशि परियोजना द्वारा ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में प्रदान की गई। इस वित्तीय सहायता से बीना ने अपना प्रोविजन स्टोर सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया है। आज वह इस उद्यम के माध्यम से प्रति माह 5000 से 8000 तक की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मान के साथ कर पा रही हैं। बीना की यह कहानी उन अनगिनत महिलाओं के लिए प्रेरणा है। जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती हैं। ग्रामोत्थान परियोजना सही मायनों में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# भारत को विश्व का पथ प्रदर्शन करना है : डा. पण्ड्या

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा. चिन्मय पंड्या ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को न केवल जागना है, बल्कि पूरे विश्व का पथ प्रदर्शन भी करना है। उन्होंने कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक आत्मबल, नैतिकता और आध्यात्मिकता से युक्त होगा, तभी भारत का नवजागरण संभव है और इसके माध्यम से पूरे विश्व को नई दिशा मिल सकती है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में डा.चिन्मय पंडया ने यह विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एनसीआर दिल्ली और आसपास के राज्यों से हजारों युवा, प्रबुद्ध नागरिक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी शामिल हुए। डा.पंड्या ने कहा कि युग निर्माण आंदोलन के तीन प्रमुख स्तंभ-विचार क्रांति, चरित्र निर्माण और व्यसन मुक्ति आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और जीवन मूल्यों से जोडना ही राष्ट्रनिर्माण का वास्तविक आधार है। कहा कि अब राष्ट्र के जागरण का समय आ चुका है। हमें केवल देखने या सुनने तक सीमित नहीं रहना है। बल्कि तैयारी के साथ राष्ट्र निर्माण की भूमिका में आगे आना है। समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, स्वामी नारायण संस्थान के स्वामी ब्रह्मबिहारी, एवं अक्षरधाम नई दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी अक्षर वत्सल दास ने भी विचार रखे।

# एसएमजेएन कालेज के वाणिज्य विभाग में किया दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज के वाणिज्य विभाग में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदेश त्यागी ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को करियर की दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कुछ भी जानने से पहले युवा अपने जीवन में समय प्रबंधन का महत्व स्वीकार करें। उसके बाद अपने उपलब्ध संसाधनों का समुचित और विवेकपूर्ण दोहन करते हुए सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और यहां के प्राध्यापक अकादमिक और शैक्षणिक जगत के चुनिंदा प्रतिभावान लोगों में सम्मिलित हैं। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि जीवन में एटीट्यूड यानी दृष्टिकोण का बहुत महत्व हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा देश समाज और राज्य में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र छात्राएं अपनी उपस्थिति पर ध्यान दें और कक्षाओं में नियमित उपस्थिति ही जीवन में सफलता का मार्ग है।

कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग विभाग के अध्यक्ष विनय थपलियाल ने किय। उन्होंने नई पीढ़ी को बदलाव और रचनात्मक दृष्टिकोण का वाहक बताते हुए छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में आनंद और कर्तव्य के बीच में संतुलन स्थापित करना चाहिए। इस अवसर पर डा. शिवकुमार चौहान, डा. मनोज कुमार सोही, अंकित बंसल, डा. गीता शाह, आस्था आनंद, कविता छाबरा, रिकंल गोयल, ऋचा मिनोचा, विवेक बंसल और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक के रूप में डॉ. रिंक्ल गोयल और डॉ. ऋचा मिनोचा रहे। समापन बीए पंचम वर्ष की छात्राओं चारु और टिया द्वारा गीत प्रस्तुति तथा मतदाता शपथ के साथ हुआ। दीक्षारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पूरे आयोजन में उत्साह का वातावरण रहा।

# युवा संवाद कार्यक्रम में पत्रकारो ने डीएम से जन समस्याओं पर की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन हरिद्वार के बैनर तले अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पांडे के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेय गेस्ट हाउस में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित मौजूद रहे। यूनियन द्वारा जिलाधिकारी का फुलों का गुलदस्ता देकर और चुनी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। पत्रकारों द्वारा जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से युवा संवाद के इस कार्यक्रम में समाज में चल रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। वार्ता में पूछे गए सवाल जैस कि बारिश के दौरान शहर में जलभराव का हो जाना, शहर की कालोनियों में चोरी से चल रहे नशे का कारोबार, पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाना, हरिद्वार के पवित्र स्थान हरकी पौड़ी पर गंदगी का पाया जाना, शहर की सड़कों का बुरा हाल होना, किसी भी समय बिजली और पानी की कटौती करना, तमाम अधिकारियो द्वारा फोन ना उठाया जाना आदि ऐसी कई समस्याओं के विषयों पर हरिद्वार जिलाधिकारी द्वारा पत्रकारों से वार्ता की गई। जिसका जल्द से जल्द समाधान करने का जिलाधिकारी द्वारा आश्वाशन भी दिया गया। सामाजिक सरोकारों, जनहित के मुद्दों हाईकोर्ट के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाने और अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

इस कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पांडे, महामंत्री विनीत धीमान, कोषाध्यक्ष देवम मेहता, प्रदेश महामंत्री विश्वजीत सिंह नेगी, उपाध्यक्ष संजय कश्यप एवं निशान चौधरी, सचिव संजय भारती, विक्की सैनी, अनुभव बंसल, मनोज ठाकुर, नवीन कुमार, संदीप कुमार, सुमित कुमार वर्मा, बिजेंद्र शिरसवाल, कमल शर्मा, सागर कुमार, विजय प्रजापति, मौ. नदीम सलमानी, सरविंद्र कुमार, विक्रम सिंह बिष्ट, विजय कुमार, अशोक गिरी, संजय कुमार, प्रभात कुमार, अनुभव गर्ग, कुलदीप खंडेलवाल, कुलदीप शर्मा, पंकज स्वनी, सागर ठाकुर, मौ. दानिश, शिव कुमार पाठक, अनूप सिंह सिद्धू, इंद्रा कुमार शर्मा व नावेद नावेद अख्तर आदि सदस्यगण मैजूद रहे।

# हरिद्वार में शर्मनाक वारदात, नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार में महिला सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद नाबालिग बालिकाएँ सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामले में शिवनगर रानी गली भूपतवाला निवासी एक परिवार की नाबालिग बेटी को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों द्वारा 22 अगस्त को गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद बच्ची 24 घंटे से अधिक समय तक पुलिस की पकड़ से बाहर रही। इससे यह साफ है कि हरिद्वार पुलिस अपराधों की रोकथाम में पूरी तरह नाकाम नजर आ रही है। पीड़िता को 23 अगस्त को पुलिस ने बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी कन्हैया पुत्र बबलू लगातार फरार रहा। आखिरकार 24 अगस्त को बंधा रोड स्थित परमार्थ घाट से उसे गिरफ्तार किया गया। सवाल यह है कि अगर पुलिस तंत्र चुस्त-दुरुस्त होता तो आरोपी इतने दिन खुलेआम घूमता क्यों?



मामले में पीड़िता के बयान और मेडिकल परीक्षण के आधार पर धारा 64(2)(ड) बी.एन.एस. एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएँ बढ़ाई गई हैं। बावजूद इसके, हरिद्वार जैसे धार्मिक और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह की वारदातें कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। लोगों का कहना है कि बेटियों की सुरक्षा के लिए पुलिस सिर्फ कागजी कार्रवाई करती है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।

# उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सभा का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर ललिता देवी मंदिर में सफाई मजदूरो की जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में सफाई मजदूरों की समस्याओं पर विचार विमर्श के उपरांत जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री आवास कूच करने का निर्णय लिया गया। सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजक राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि प्रदेश में मृत कैडर में डाल कर समाप्त कर दिए गए सफाई कर्मचारियों के पदों को बहाल किया जाए। आउटसोर्स, ठेकेदारी, मौहल्ला स्वच्छता समिति और संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों वरिष्ठता के आधार पर नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि निकायों में आउटसोर्स कर्मचारी का ठेकेदारों द्वारा शोषण चरम सीमा पर है। कर्मचारियों को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए नगर निकाय सीधी भर्ती करें। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री संतोष गौरव ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने स्थाई कर्मचारियों का 5 लाख एवं आउटसोर्स कर्मचारियों का चार लाख का बीमा और 15 हजार रूपए वेतन, वन टाइम सेटलमेंट के अंतर्गत नियुक्त मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने जैसी समस्याओं का समाधान किया है। मोर्चा के मुख्य संयोजक सुरेंद्र तेश्वर ने कहा कि मोर्चा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रहा है। सभी मजदूरों को एकता के सूत्र में बंध कर रहना है। सबकी एकता व सहयोग से समस्याओं का निदान मुख्यमंत्री से मिलकर कराया जाएगा। इसके लिए अगर मुख्यमंत्री आवास पर अपनी बात करने की भ्आवश्यकता पड़ी तो सब लोगों को तैयार रहना होगा। मोर्चा हमेशा कर्मचारियों के साथ है और साथ रहेगा। सभा में मोर्चा के नेता प्रवीण तेश्वर, सलेकचंद, नानकचंद पीवाल, राजू खैरवाल, प्रवीण कुमार बागड़ी, मनोज छाछर,, बलराम चौटाला, अनमोल बिरला, आशीष कालरा, दीपक तेश्वर, कुलदीप सोनी, कुलदीप कांगड़ा, जुगनू कांगड़ा, राजेश खैरवाल, प्रदीप खैरवाल, काका हवलदार, दीपक चावरिया, आनंद कांगड़ा, जीत सिंह, शिवालिक नगर पालिका शाखा अध्यक्ष सनी कुमार, महामंत्री अजीत कुमार, संजय घावरी, सुनील कुमार बिडलान, विशाल खैरवाल, लोकेश चौटाला, मोनिका, दीपा, आरती, पूनम, कन्हैयाचंच, सुनीता, नीलम, नीतू, सीमा, रेखा, अनिल, काला, आलोक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। सभा का संचालन जितेंद्र तेश्वर ने किया।

# निगम से स्वयं तार हटाने के लिये कंपनियों ने मांगा एक सप्ताह का समय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न डिश, केबल टीवी, मोबाइल नेटवर्क एवं ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा नगर निगम के स्ट्रीट लाइट पोलों पर बिना पूर्वानुमति एवं अनियोजित ढंग से तार लगाए गए थे। इन अवैध रूप से लगाए गए तारों को हटाए जाने की कार्यवाही नगर निगम हरिद्वार द्वारा 25 अगस्त 2025 से प्रारम्भ की जानी थी। इस संबंध में समस्त सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा नगर निगम से अनुरोध किया गया कि उन्हें एक सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाए, ताकि वे स्वयं ही अपने-अपने तारों को सुव्यवस्थित कर सकें तथा अनावश्यक एवं अवांछित तारों को हटा सकें। नगर निगम द्वारा उक्त अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए समस्त कंपनियों को एक सप्ताह की अवधि प्रदान की गई है। यह अवधि पूर्ण होने के उपरान्त यदि संबंधित कंपनियों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नहीं की जाती है तो नगर निगम द्वारा 1 सितम्बर 2025 से स्वयं तार हटाने की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित कंपनियों की होगी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# आलिम अंसारी जिलाध्यक्ष एवं अहसान शाह बने जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के बहादराबाद ब्लॉक अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने आलिम अंसारी को हरिद्वार जिलाध्यक्ष एवं अहसान शाह को बहादराबाद ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। धनपुरा में हुई पार्टी की बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दोंनो पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। बैठक का संचालन मांगा हसन ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए आजाद अली ने आहवान किया कि कोई भी समाज अपनी पहचान बनाए बिना, अपने हक की लड़ाई नहीं लड़ सकता। उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी जनशक्ति किसी एक जाति धर्म की पार्टी नहीं है। जिस भी धर्म और जाति के व्यक्ति के साथ गलत होगा पार्टी उसके हक की लड़ाई लड़ेगी। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारीयो का स्वागत करते हुए कहा कि अपने पद की गरिमा के अनुसार क्षेत्र में सबको साथ लेकर काम करें।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक बहुगुणा एवं राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडार ने कहा कि मिलकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने से ही कामयाबी मिलेगी। अपने हक को जानना जरूरी है। एकजुट होकर तानाशाही का विरोध करना है। इस अवसर पर अंकित कुमार, खालिद हसन, संजू नारंग, पवन धीमान सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने अलग- अलग मामलों में दो युवकों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो व्यक्तियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार थाने में तैनात हेड कांस्टेबल ब्रह्म दत्त जोशी एवं अजीत तोमर रविवार देर रात्रि गश्त के दौरान सुकरासा से पथरी रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जिसको रोककर उन्होंने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राहुल 32 वर्ष पुत्र पदमचंद निवासी नया बाजार बहजोई हरिद्वार बताया है। दूसरी ओर गांव ऐथल में आपस मे झगड़ रहे शहजाद पुत्र सय्याद निवासी ऐथल बुजुर्ग को पुलिस द्वारा समझने पर मारपीट की कोशिश करता देख आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

पथरी एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि आरोपी राहुल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत व शहजाद का शांतिभंग में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# घर में तोड़फोड और मारपीट के आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने नशे की हालत में घर में तोड़फोड़ और मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीती रात चेतक पुलिसकर्मियों को कस्साबान निवासी जमील अहमद ने सूचना दी कि उसका पुत्र शराब के नशे में घर में तोड़फोड़ ओर मारपीट कर रहा है। उसके पास चाकू भी है। सूचना पर कांस्टेबल भागचन्द्र राणा व अरूण कोटनाला मौके पर पहुंचे और झगड़े व मारपीट पर उतारू नवाज शरीफ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी नवाज शरीफ के विरूद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# उत्तरकाशी : स्यानाचट्टी में झील बनने का खतरा बरकरार

**■ यमुना नदी पर गदेरे से फिर से आने लगा है मलबा , सिंचाई विभाग जुटा चौनलाइजेशन कार्य में**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी में झील बनने का खतरा अभी टला नहीं है। कुपड़ा गांव की तरफ से आने वाले गढ़गाड गदेरे से मलबा व बोल्डर फिर से आने लगे हैं। नदी के किनारे बने कुछ होटलों के निचले तल में पानी भरा हुआ है। रविवार सुबह यमुना नदी के मुहाने पर कुपड़ा क्षेत्र से आने वाले गढ़गाड गदेरे से मलबा व बोल्डर फिर से आने लगे हैं।

इससे यमुना नदी का जल प्रवाह बाधित हो रहा है और दोबारा झील का पानी बढ़ने का खतरा बढ़ने लगा है। हालांकि यमुना नदी के एक छोर से पानी की निकासी हो रही है।यमुना नदी का बहाव यमुनोत्री हाईवे पर बने पुल से सिर्फ करीब दो फीट नीचे है। नदी के किनारे बने कुछ होटलों के निचले तल में पानी भरा हुआ है। यहां अभी भी यमुना नदी के मुहाने पर कुपड़ा खड्ड से निरंतर मलबा व बोल्डर बह कर आ रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अभी भी गदेरे से मलबा व बोल्डर आने से यमुना का जल प्रवाह बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। क्योंकि कुपड़ा खड्ड लगातार डर पैदा कर रहा है।

सिंचाई विभाग के ईई पन्नी लाल ने कहा कि पोकलेन मशीन कुपडा खड्ड के मुहाने पर एकत्रित मलबा हटाने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। बीच में बड़ा बोल्डर आने की वजह से थोड़ा समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह डेढ़ माह से तीन पोकलेन मशीनों को लगा कर चौनलाइजेशन कार्य कर रहे हैं लेकिन रुक-रुककर बारिश होने से दिक्कत हो रही है।

## एनडीआरएफ ने ऑल सेंट कॉवेंट स्कूल में कराया स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम

**नई टिहरी।** एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को ऑल सेंट कॉवेंट स्कूल नई टिहरी में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 442 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और अध्यापकों को आपदाओं के समय सतर्क रहने, प्राथमिक उपचार देने और बचाव कार्यों में भागीदारी के लिए तैयार करना था।एनडीआरएफ की टीम ने छात्रों को भूकंप, भूस्खलन और अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के तरीके सिखाए। साथ ही सीप. ीआर, प्राथमिक उपचार, स्टेचर बनाने के सरल उपाय और खोज-बचाव में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई।

# प्रधनाचार्य पद पर सीधी भर्ती के विरोध में शिक्षकों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखण्ड की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के दूसरे चरण में सोमवार को चकराता ब्लॉक मुख्यालय में शिक्षकों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। दुर्गम विद्यालयों से बड़ी संख्या में पहुँचे शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने सरकार की प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती नीति का कड़ा विरोध जताया।



धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम सिंह राणा ने की। इस दौरान गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सरियाल, रुद्रप्रयाग जिला के पूर्व अध्यक्ष नरेश भट्ट और जिला मंत्री अर्जुन पंवार विशेष रूप से मौजूद रहे। रघुवीर तोमर (जनपद संरक्षक) और सपना तोमर (महिला उपाध्यक्ष, गढ़वाल मंडल) सहित लगभग 150 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आंदोलन में भाग लिया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि प्रधानाचार्य पद शिक्षकों की पदोन्नति का पद है, न कि सीधी भर्ती का। सीधी भर्ती व्यवस्था से न केवल शिक्षकों का मनोबल टूटेगा बल्कि शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित होगी। इस नीति के खिलाफ राज्यभर के शिक्षक एकजुट होकर आंदोलनरत हैं। धरना-प्रदर्शन का संचालन ब्लॉक कार्यकारिणी चकराता के बैनर तले किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री शिव कुमार शुक्ला, किरणपाल सिंह, प्रमिला रानी, यशपाल राणा, रघुवीर दानू, पवन कुमार, संगीता, केन्द्र सिंह असवाल, सुभाष चौधरी, धीरेंद्र रावत, रणबीर सिंह, अजय यादव, दीपक त्यागी, संजय मौर्या, विनोद तोमर, शमशेर चौहान, यशपाल नेगी, मीनाक्षी, संदीप राघव समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


## कीर्तिनगर में शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के राजकीय इंटर कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा सोमवार को प्रधानाचार्य के पदों पर शत-प्रतिशत पदोन्नति तथा स्थानांतरण समर्थन में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि प्रांत के सभी शिक्षक 18 अगस्त से चौक डाउन हड़ताल पर है, परंतु सरकार शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। धरना में बैठे राजकीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष दिलबर रावत ने कहा कि प्रांत की 90 प्रतिशत विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद रिक्त हैं।

# डीएम ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी 60 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने सोमवार, 25 अगस्त को जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पुनर्वास, लोक निर्माण विभाग, नगरपालिका, जल संस्थान और वन विभाग सहित कई विभागों की समस्याएं शामिल थीं। जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया और सीएम हेल्पलाइन व जनता दर्शन से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।चम्बा विकासखण्ड के ग्राम बुडोगी निवासी त्रिपन सिंह नेगी ने बताया कि उनके राजस्व ग्राम गाजनी के पेयजल स्रोत में नई टिहरी की सीवर लाइन का पानी मिल रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इसी तरह, ग्राम कुट्ठा निवासी भगवत सिंह रावत ने शिकायत की कि भारी बारिश से पेयजल लाइन और रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इस पर भी जिलाधिकारी ने जल संस्थान को तुरंत क्षतिग्रस्त पाइपलाइन दुरुस्त करने को कहा।



विकासखण्ड नरेंद्रनगर के ग्राम डौंर निवासी प्रेम सिंह ने बीआरओ पर आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान बनाए गए डंपिंग जोन के ध्वस्त होने से उनकी फलदार बागवानी दब गई, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं दिया गया। इस मामले पर जिलाधिकारी ने एसडीएम नरेंद्रनगर को निर्देश दिए कि तहसीलदार की रिपोर्ट लेकर संबंधित विभाग बीआरओ को अवगत कराया जाए।

ग्राम इडिया लाल माटा नामे तोक के निवासियों ने कहा कि टिहरी बांध परियोजना के दौरान उनकी 1000 नाली भूमि की रजिस्ट्री टीएचडीसी के नाम पर हो गई थी, लेकिन मुआवजा केवल 400 नाली का ही मिला। शेष 600 नाली का भुगतान अभी बाकी है। इस पर जिलाधिकारी ने एडीएम को आदेश दिए कि टीएचडीसी, राजस्व विभाग और एसएलओ की संयुक्त टीम गठित कर मामले की जांच की जाए।

वार्ड संख्या 10, नई टिहरी के वार्ड सदस्य नवीन सेमवाल ने क्षेत्र में खतरनाक हो चुके पेड़ों को हटाने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, नकोट निवासी अनीता देवी ने बताया कि उनकी बेटी का विवाह 1 मई 2025 को हुआ, लेकिन श्रम विभाग बार-बार दस्तावेजों पर आपत्ति लगा रहा है, जिससे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। इस पर जिलाधिकारी ने श्रम अधिकारी को तुरंत निस्तारण कर लाभार्थी को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

जनता दर्शन में अधिकतर शिकायतें पुनर्वास और बरसात से क्षतिग्रस्त रास्तों व पेयजल लाइनों से जुड़ी थीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जून से अब तक प्राप्त सभी लंबित पुनर्वास संबंधी शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए। क्षतिग्रस्त रास्तों को मनरेगा के तहत दुरुस्त करने के लिए जिला विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि जल संस्थान और जल निगम को पेयजल पाइपलाइन दुरुस्त करने के निर्देश मिले। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मांग पत्र भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में सीडीओ वरुणा अग्रवाल, एडीएम अवधेश कुमार, एसडीएम संदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### मां की डांट से नाराज होकर एक किशोर घर से लापता

**विकासनगर।** मां की डांट से नाराज होकर एक 17 वर्षीय किशोर घर से लापता हो गया। परिजनों के काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। तहरीर के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने ने बताया कि एक महिला निवासी मलूकावाला ने कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि उन्होंने अपने 17 वर्षीय पुत्र को किसी बात को लेकर डांट दिया था। इसके बाद वह शनिवार को नाराज होकर कहीं चला गया। उसकी काफी खोजबीन की। रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां पता किया, लेकिन उसका पता नहीं चला।

### सहसपुर विधायक ने जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए



**सहसपुर।** सहसपुर विधानसभा के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपने कैम्प कार्यालय सुद्धोवाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए जरूरतमंद लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक पुंडीर ने कहा कि "जनसेवा ही हमारा धर्म और कर्म है। हमने सदैव समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सहयोग को प्राथमिकता दी है।" उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से बीमारी के उपचार, कन्या विवाह, विधवा एवं निर्धन परिवारों के लिए समय-समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है।

लोगों ने विधायक पुंडीर की इस पहल की सराहना की। इस दौरान सुरेंद्र सिंह नेगी, सुनील कश्यप, संजय धीमान, जितेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### जागड़ा पर्व पर स्कूलों में अवकाश रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता चकराता।** जागड़ा पर्व के दौरान कालसी और चकराता प्रखंड के स्कूलों में सामूहिक अवकाश रखने के निर्देश पर्यटन मंत्री ने जिलाधिकारी को दिए हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने डीएम को दिए आदेश में कहा कि जौनसार बावर में 26 अगस्त की रात से शुरू होने वाला जागड़ा पर्व 27 सितंबर की रात तक चलता है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों की आस्था को देखते हुए दो दिन के लिए क्षेत्र के स्कूलों में अवक. ाश रखा जाए ताकि अधिक से अधिक लोग मेले में पहुंच सके।

### रक्षते मार्शल आर्ट एकेडमी ने तीन पदक अपने नाम किए

**विकासनगर।** महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज में सम्पन्न राज्य वुशू लीग में रक्षते मार्शल आर्ट एकेडमी ने तीन पदक अपने नाम किए। एकेडमी के पांच खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। पदक जीत कर लौटे छात्रों के माता-पिता ने उनका स्वागत किया। अकादमी के निदेशक विवेक राठौड़, मुख्य प्रशिक्षक अमन राठौड़ और वरिष्ठ प्रशिक्षक कृष्णा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों से लगभग 250 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। अकादमी के पांच लड़कियों ने प्रतिभाग करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इसमें कशिश कश्यप व अंबिका कश्यप ने रजत और मनीषा चौहान ने कांस्य पदक जीता।

### गढ़वाल विवि में निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। विद्यार्थियों को पूंजी बाजार की कार्यप्रणाली, नियामक ढांचे एवं निवेशकों के अधिकारों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) से श्रुति शर्मा एवं पवन कुमार भारद्वाज ने विद्यार्थियों को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉन्ड सहित विभिन्न वित्तीय साधनों की जानकारी दी तथा निवेश से जुड़े जोखिमों और उनके सुरक्षा उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# राजकीय शिक्षक संघ प्रतापनगर का कार्य बहिष्कार

**■ 34 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार पर दबाव, ज्ञापन सौंप कर शीघ्र समाधान की रखी मांग 27 अगस्त को नरेंद्रनगर में धरना देने का शिक्षकों ने किया आह्वान, आंदोलन तेज करने की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय शिक्षक संघ प्रतापनगर के शिक्षकों ने सोमवार को अपनी 34 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय लंबगांव में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए और उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि प्रधानाचार्य पद की सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए तथा सभी संवर्गों में सौ प्रतिशत पदोन्नति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने और सुगम-दुर्गम क्षेत्रों का निर्धारण सही मानकों पर किए जाने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी पूनम चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो शिक्षक संघ को आंदोलन उग्र करना पड़ेगा। संघ के अध्यक्ष नीरज पैन्यूली ने कहा कि लंबे समय से शिक्षक विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों से 27 अगस्त को आकस्मिक अवकाश लेकर नरेंद्रनगर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने नारेबा. जी करते हुए अपनी एकजुटता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें शिक्षकों के अधिकार और शिक्षा व्यवस्था के उत्थान से जुड़ी हैं, इसलिए सरकार को इन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। यदि सरकार टालमटोल का रवैया अपनाती रही तो आगामी दिनों में आंदोलन और व्यापक स्तर पर किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में लवजीत बधानी, कमलनयन रतूड़ी, कुलदीप चौहान, प्रमिला रावत, सुमन डोभाल, रेणुका रावत, विजयपाल रावत, बलवीर चौहान, विनोद सैंसवाल, देशबंधु भट्ट, गिरीश पैन्यूली सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## देवभूमि की संस्कृति को कलंकित कर रही भाजपाः जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव महेश जोशी ने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है तब से लगातार सत्ता का दुरूप्रयोग किया जा रहा है। प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है।पार्टी में आप. राधिक प्रवृति के व्यक्तियों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो लगातार आप. राधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं जिनपर भाजपा का वरदहस्त है। प्रदेश में धोखेबाजी के केस बढ़े हैं अभी हाल ही में जितेंद्र नेगी ने आत्महत्या कर भाजपा के नेता हिमांशु चमोली पर पचास लाख रुपए देनदारी का आरोप लगाया उसे इतना परेशान किया गया कि आत्महत्या को मजबूर होना पड़ा जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। अभी हाल ही मेंसम्पन्न त्रिस्तरीय चुनाव में शुरू से लेकर आखिर तक धनबल सत्ता के दुरुपयोग गुंडा गर्दी से जबरन चुनाव प्रभावित किया गया डंडे तलवारों गोलीबारी से सदस्यों को जबरन मारपीट कर उठाया गया वो देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ है और ये संकेत देते हैं कि प्रदेश किस और जा रहा। सरकार द्वारा आहूत विधानसभा सत्र में जिस तरह विपक्ष के विधायकों द्वारा कानून व्यवस्था जैसे गंभीर मसले पर चर्चा की मांग की गई तब उस पर चर्चा ना कराना एवं चार दिन के सत्र को डेढ़ दिन में ही समाप्त करना सरकार प्रदेश के हितों के प्रति संवेदनहीनता ही है । उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन में सरकार की प्रवक्ता के रूप में दिखाई दी जो कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं। उन्होंने कहा पूरा प्रदेश आपदाग्रस्त है धराली के बाद थराली में आई आपदा से काफी नुकसान हुआ है।

## विधायक खजानदास ने किया 524 लाख की योजना का भूमिपूजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजपुर रोड विधायक खजान ने प्रधानमंत्री जन विकास योजना अन्तर्गत 40 बुद्ध विहार डीएल रोड-2 में निर्मित होने वाले शैक्षणिक एंव क्रीडा हॉल निर्माण का भूमिपूजन किया जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। गौरतलब है क्षेत्रवासियों द्वारा पिछले काफी समय से इस कार्य की मॉग की जा रही थी, जिसका जनहित में संज्ञान लेते हुये विधायक ने अल्पसंख्यक विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री जन विकास योजना अन्तर्गत अम्बेडकर कालोनी प्रथम/डीएल रोड देहरादून में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर (बौद्ध) समुदाय, बहुउद्देशीय हॉल एंव पुस्तकालय निर्माण तथा बुद्ध बिहार-2 डीएल रोड में शैक्षणिक एंव खेल हाल निर्माण के दो अगल-अलग प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये। विधायक ने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया ।कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबधित अधिकारियों एंव कार्यदायी संस्थाओ/कम्पनी/ठेकेदार को बख्शा नही जायेगा।इस अवसर पर सजवान ,अम्बेडकर समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार सहित सैकडो लोग उपस्थितरहे।

# आज स्टार्टअप की दुनिया में एक नई पहचान बना चुका भारत : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्टार्टअप से जुड़े युवा उद्यमियों सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को देहरादून स्थित एक निजी होटल में जेनेसिस क्रिएशनज एवं सुर रहबर फाउंडेशन द्वारा आयोजित लीडरशिप एक्सीलेंसी अवॉर्डस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल एक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उन नेताओं को सम्मानित करने का अवसर है, जिन्होंने अपनी लगन, ईमानदारी और परिश्रम से समाज में नई राहें बनाई हैं।



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज उपस्थित प्रत्येक विजेता ने कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ निश्चय और नवीन सोच के बल पर यह सिद्ध किया है कि संकल्प और सत्यनिष्ठा से असंभव भी संभव किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं क्योंकि जब हम उत्कृष्ट कार्यों को पहचानते और सराहते हैं, तो न केवल व्यक्तियों का सम्मान होता है बल्कि आने वाली पीढ़ी भी प्रेरित होती है कि वे बड़े सपने देखें और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें। इस अवसर पर राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, निदेशक संस्था डॉ. सुसना सीरकार, अनिक छेत्री सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फिर से परवान चढ़ने लगी केदारनाथ धाम की यात्रा

**■ हर रोज हजारों की संख्या में दर्शनों को पहुंच रहे हैं यात्री**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व विख्यात भगवान केदारनाथ धाम की यात्रा एक बार फिर से परवान चढने लग गयी है। मौसम साफ होने पर हर रोज हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री बाबा केदार के दरबार पंहुच रहे हैं।

मानसून सीजन शुरू होने पर केदार धाम की यात्रा थम सी गयी थी और कई दिनों तक यात्रा पर ब्रेक भी लग गया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ है और रास्ते भी ठीक हैं। ऐसे में यात्रियों के आने का सिल. सिला लगातार जारी है। जहां पिछले दिनों कुछ ही संख्या में यात्री धाम पहुँच रहे थे, वहीं अब यात्रियों की संख्या हजारों में है। अभी तक 14 लाख 65 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

इन दिनों सोनप्रयाग व गौरीकुंड के बीच मोटरमार्ग भी ठीक है और सटल वाहनों का संचालन जारी है। जबकि गौरीकुंड के निकट जिस स्थान पर लगातार भूस्खलन हो रहा था, वहां पर इन दिनों भूस्खलन होना बंद है। ऐसे में यात्रियों को लगातार सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम की ओर भेजा जा रहा है। हालांकि यात्रियों की सुरक्षा के लिये पैदल यात्रा मार्ग सहित यात्रा पड़ावों पर सुरक्षा जवान तैनात किये गये हैं। धाम में यात्रियों की चहलक. दमी होने से धाम भी भव्य नजर आ रहा है।

## सभी के लिए बीमा लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी छलांग

**देहरादून।** सुरक्षा की कमी को पूरा करने और स्वास्थ्य बीमा को किफायती और सुलभ बनाने के उद्देश्य से जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नई पेशकश हैल्थ ऐक्स्ट्रा लॉन्च की है। हैल्थ ऐक्स्ट्रा एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना है जो चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती होने के पूर्व एवं पश्चात, रोड ऐम्बुलेंस खर्च, आधुनिक उपचार, आयुष उपचार और ओपीडी लाभ के साथ-साथ अन्य वैल्यू-ऐडेड सेवाओं और वैलनेस केयर सहित चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती होने के व्यापक खर्चों को कवर करेगी।

# शिक्षकों ने धरना देकर सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

**■ शिक्षकों ने सरकार पर विश्वासघात करने का लगाया आरोप,सामूहिक अवकाश लेकर खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बीते एक सप्ताह से चॉक डाउन हड़ताल पर चल रहे शिक्षकों ने सोमवार को सामूहिक अवकाश लेकर खंड शिक्षाधिकारी कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया। हालांकि मौसम के मिजाज को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया था। शिक्षकों ने सुबह ही चकराता, कालसी, विकासनगर और सहसपुर के खंड शिक्षाधिकारियों के कार्यालय पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

खंड शिक्षाधिकारी कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों को नजरअंदाज किया है। इससे उनमें आक्रोश है। कहा कि शिक्षकों की ये हड़ताल सिर्फ एक प्रारंभिक कदम है, उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो भविष्य में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को वादा पूरा करना चाहिए ताकि शिक्षक अपनी जिम्मेदारी के साथ स्कूलों में बच्चों को पढ़ा सकें और राज्य की शिक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। शिक्षकों ने कहा कि हड़ताल से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस स्थिति के लिए सरकार जिम्मेदार है। उनका कहना है कि पहले भी कई बार शिक्षकों ने सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराया लेकिन अनदेखी के कारण उन्हें विवश होकर हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। कहा कि यदि सरकार इस बार भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

धरना-प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने आरोप लगाया कि सरकार ने उनके साथ विश्वासघात किया है। कहा कि विभागीय अधिकारी समस्याओं का समाधान करने के बजाय उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की धमकियां देने लगे हैं। सरकार भी शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लेती दिख नहीं रही है। ऐसे में हड़ताल करना शिक्षकों की मजबूरी है। धरना प्रदर्शन करने वालों में राशिसं के विकासनगर ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कांति, मंत्री सीपी नौटियाल, बलविंदर कौर, जय सिंह चौहान, निशा खत्री राणा, कालसी ब्लॉक अध्यक्ष अनिल राणा, मंत्री हेमंत कठैत, चकराता ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम सिंह आदि शामिल रहे।

# अच्छे इलाज के साथ बेहतर संवाद भी ज़रूरी

## शिकायतें मिलने के बाद डीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में लगातार मिल रही अव्यवस्थाओं की शिकायत के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह सोमवार को हरकत में आईं। उन्होंने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी को अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं मिलीं जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ और पीएमएस को तत्काल अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम वंदना सिंह ने कहा कि इलाज के साथ संवाद का तरीका भी बेहतर होना चाहिए क्योंकि सही कमयुनिकेशन से मरीजों की आधी समस्याएं स्वतरू दूर हो जाती हैं। डीएम ने कहा कि मरीजों को रैफर करने की प्रवृति कम करें और यथासंभव इलाज यहीं मुहैया कराएं।



जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में सीटी स्कैन, एटीएम हेल्थ मशीन समेत कई उपकरण खराब हालत में मिले जिस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द उपकरण ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिक.ारी ने खराब मशीनों और ढांचागत व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि जो भी मशीन खराब है उसकी मेंटेनेंस एएमसी के माध्यम से तत्काल कराई जाए साथ ही जिन नई मशीनों की जरूरत है उनकी डिमांड भेजी जाए। जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला दोनों अस्पतालों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, सीनियर सिटीजन रूम, सीटी स्कैन तथा एकस रे, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, हढी वार्ड, जिरियाट्रिक वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, बर्न वार्ड तथा जर्नल वार्ड, एनबीएसयू और लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में पानी टपकने की समस्या पर छत की चादर बदलने और महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी पर शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डा. द्रौपदी गर्बियाल, डा. अनिरुद्ध गंगोला तथा एसडीएम नवाजिश खलीक मौजूद रहे।

### ...पढ़ाई तो आप सबने बराबर की है

**नैनीताल।** निरीक्षण के दौरान डीएम वंदना सिंह ने चिकित्सकों से कहा कि आप और हल्द्वानी के डाक्टरों में कोई फर्क नहीं है। फर्क सिर्फ यही है कि आप मरीजों को रैफर कर देते हैं और वहां उनका इलाज हो जाता है जबकि पढ़ाई आप सभी ने बराबर की है।

### शीघ्र मांगे प्रस्ताव, समाधान का भरोसा दिलाया

नैनीताल। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने डीएम वंदना सिंह को बताया कि अस्पताल में पीडियाट्रिशन, ऑर्थो सर्जन और ईएमओ समेत कई पदों की आवश्यकता है जिसके चलते काम करने में दिक्कत होती हैं। बताया कि ओटी टेक्नीशियन का पद खाली है, कुछ एक्सरे मशीनें और स्कैनर खराब हैं जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# 'हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कैंट सभागार में हमारी संस्कृति हमारी पहचान एवं हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता एवं समाजसेवी दर्शन नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस दौरान शहर के 13 बुजुर्गों महेश लाल शाह, डा. दिनेश अवस्थी, पान सिंह रौतेला, बिहारी लाल शाह, गोपाल सिंह बिष्ट, दुर्गा दास शाह, कामेश्वर प्रसाद काला, हरीश लाल शाह, श्याम सिंह बिष्ट, केपी शाह, घनश्याम सिंह बिष्ट, उमेश लाल शाह एवं आर. सिंह आनंद को प्रतीक चिन्ह एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सात नंबर टीम ने बारहमासा की आकर्षक प्रस्तुति दी, वहीं वैष्णो देवी ग्रुप ने कुमाऊं के तीज-त्योहारों पर विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शैली प्रतियोगिता में जया पालीवाल प्रथम, भावना रावत द्वितीय एवं वर्षा आर्या तृतीय स्थान पर रही। ज्योति चौधरी, अंजलि बिष्ट, हेमा पालीवाल एवं ममता तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान जैसा आयोजन आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का उत्तम माध्यम है। विधायक सरिता आर्या ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब सालभर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने क्लब को भविष्य में प्रदेश का अग्रणी क्लब बनने की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति, दीपा पांडे एवं दीपा पांडे ने किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष आभा शाह, सचिव कविता त्रिपाठी, प्रगति जैन, गीता शाह, हेमा भट्ट, मंजू बिष्ट, रानी शाह, ज्योति दोदियाल, विनीता पांडे, रमा भट्ट, रमा तिवारी, कंचन जोशी, नीलम गुप्ता, सीमा सेठ, प्रेमा अधिकारी, सविता कुलौरा, दया कुंवर, नीरू शाह, मानसी गर्ग, तुसी शाह, मीनू बुधला, अमिता शाह, सरस्वती सिराला, भावना शाह, मधुमिता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता पहचान पत्र में विश्वेश्वरी देवी पत्नी अनूप कुमार नेगी निवासी ग्राम-भासो मल्ला तहसील - पौडी पो०ओ० पौड़ी जिला-पौड़ी गढ़वाल सहीं अंकित है, किन्तु आधार कार्ड में विशम्बरी देवी पत्ला अनूप नेगी गलत अंकित है।

अत: मेरा नाम विशम्बरी देवी पत्नी अनूप नेगी के स्थान पर विश्वेश्वरी देवी पत्नी अनूप कुमार नेगी पढ़ा व लिखा-समझा जाय।

**विश्वेश्वरी देवी**


# विधायक निधि से इंटर कॉलेज को कुर्सियां दीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित बिशप शा इंटर कालेज को विधायक निधि से 94 कुर्सियां भेंट की। इससे पूर्व स्कूल परिवार की ओर से स्कूल की प्रबंधक नीलम दानी, प्रधानाचार्या बीना मैसी समेत सभी ने विधायक सरिता आर्या का स्वागत किया साथ ही स्कूल को भेंट की गयी कुर्सियों के लिए उनका विशेष आभार जताया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, विनोद कुमार, चंद्रशेखर गरवाल,चंद्रशेखर रिखाडी, संतोष साह समेत स्कूल के गुरुजन मौजूद थे।

# वीरेन डंगवाल और गिर्दा के व्यक्तित्व पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** युगमंच, जन संस्कृत मंच एवं नैनीताल समाचार द्वारा सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में वीरेन डंगवाल एवं गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में हिन्दी के अत्यन्त महत्वपूर्ण कवि वीरेन डंगवाल और उत्तराखण्ड हिमालय की अन्यतम प्रखर आवाज कवि, गीतकार व गायक सांस्कृतिक योद्धा गिरीश तिवारी गिर्दा की स्मृति में उनके सरोकारों पर व्याख्यान के साथ विभिन्न कवियों द्वारा काव्यपाठ भी उल्लेखनीय कार्यक्रम था। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने वीरेन और गिर्दा की उपस्थिति, विश्वदृष्टि तथा भूमिका और सरोकारों के सन्दर्भ में उनके सृजन कर्म को संपूर्णता में



समेटते हुए समान रूप से उन्हें उम्मीद और विश्वास की महत्वपूर्ण हस्ती बताते हुए कहा कि दोनों ने जनता, समाज के संघर्षों को सचेतन बौद्धिक हस्तक्षेप के साथ आग, आवेग और आवाज दी। प्रोफेसर आशुतोष ने वीरेन की वीरेनियत और गिर्दा की जनधर्मिता में नैनीताल की विराट उपस्थिति की भी अर्थपूर्ण व्याख्या की। उन्होंने कहा कि वीरेन का सौंदर्य बोध भी सरोकारों के स्तर पर उन्नत दर्जे का है और वैचारिक कसौटी पर भी जिसमें समाज की धड़कन, उम्मीद और भरोसा अक्षुण्ण बना रहता है। अंत में प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल में गिर्दा की विरासत के लिए एक स्मारक बनाये जाने की आवश्यकता को आवश्यक बताया। प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल शहर और बाहर से समारोह में शामिल विभिन्न कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियों में अनिल कार्की, दीपक तिरुआ, कुमार मंगलम, भास्कर उप्रेती, सिद्धेश्वर सिंह, डीके शर्मा, डा. मनोज आर्य, बल्ली सिंह चीमा, स्वाति मेलकानी, मोहन सिंह रावत, नीरज पांगती, आलोक साह, आशुतोष कुमार, डा. शिव त्रिपाठी, हर्ष काफर, डा. भूपेन सिंह, डा. संदीप तिवारी, त्रिभुवन फर्त्याल, महेश बावड़ी, दिनेश उपाध्याय, प्रो. भूपेश कुमार सिंह और मदन मोहन चमोली शामिल थे। काव्य पाठ का स्तर अपेक्षा के अनुरूप उत्तरदायित्वपूर्ण रहा। समारोह के संचालन का कार्यभार त्रिभुवन फर्त्याल व नीरज पांगती ने किया। समारोह के केन्द्रक जनसंस्कृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहूर आलम के अलावा इतिहासकार पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक समेत पद्मश्री अनूप साह आदि महत्वपूर्ण लोगों सहित शहर नैनीताल की बौद्धिक जनों की भारी उपस्थिति ने समारोह में विनोद पाण्डे, अदिती खुराना, गीता साह, जय जोशी, नवीन बेगाना, मनोज कुमार, हरीश राणा, गिरजा पाठक, दीपा पाठक, मनीषा और जस्सी राम आर्या को सार्थक और संवादपूर्ण बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन चमोली, राजीव लोचन साह व जहूर आलम की अहम भूमिका रही।


**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जीएमएस रोड, देहरादून-248006

दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508

CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 603 **निविदा सूचना** दिनांक 25.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

निविदा सं0:-(I)05/अ0अ0(अनु0)/2025-26, (II)06/अ0अ0(अनु0)/ 2025-26

कार्य का नाम :-(I) 25 एच0पी0 सैन्ट्रीयूगल पम्प के एस0आई0टी0सी0 का कार्य

(II) 5 टन सिंगल गार्डर इलेक्ट्रिक ई0ओ0टी0 क्रेन के एस0आई0टी0सी0 का कार्य।

अनुमानित लागत:- (I) ₹14,37,302.00 (कर अतिरिक्त)

(II) ₹8,50,000.00 (कर अतिरिक्त)

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि :- 25.08.2025

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :- 16.09.2025 को 16:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वैबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"


# डा. शर्मा ने खेल को दिलाया नया मुकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व खेल अधिकारी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डा. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने खेल शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी के तहत अब उनका चयन 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिकस चैंपियनशिप जोकि चेन्नई में आगामी 5 से 9 नवम्बर 2025 को होगी। इस चैंपियनशिप में डा. शर्मा भारतीय दल में शामिल होंगे। वास्तव में देखा जाए तो यह कामयाबी न केवल कुमाऊँ विश्व. विद्यालय बल्कि पूरे उत्तराखण्ड और भारत के लिए गौरव का विषय है। बता दें कि डा.शर्मा के मार्गदर्शन में कुमाऊं विश्वविद्यालय स्तर पर वुडबॉल, ड्रॉप रोबॉल, मिनी गोल्फ,



सेपक टाकरा, पंनचक, सिलाट और क्वांकिडो जैसे नवीन खेलों की शुरुआत हुई जिनमें खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। सत्र 2024-25 डा. शर्मा की उपलबधियों से स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। इस अवधि में कुमाऊँ विश्व. विद्यालय ने उनके नेतृत्व में 178 पदक (42 स्वर्ण, 62 रजत और 74 कांस्य) अर्जित किए। इनमें वुडबॉल में स्वर्ण, मिनी गोल्फ में 18 पदक तथा ड्रॉप रोबॉल, पंचक सिलाट और क्वांकिडो से भी शानदार सफलता शामिल रही। महिला क्रिकेट टीम ने नॉर्थ ज़ोन में चौथा स्थान पाकर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। एक खिलाड़ी के रूप में भी डा. शर्मा देश का गौरव हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेटबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया एवं थाईलैंड में मास्टर्स प्रतियोगिता में भाग लिया। वे राष्ट्रीय स्तर के सेपक तकरा खिलाड़ी और वेटरन्स टेनिस वॉलीबॉल स्वर्ण पदक विजेता भी रहे हैं। खेल लेखन में भी उनका विशिष्ट योगदान है। उनकी पुस्तकें खेल समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा का इतिहास, बास्केटबॉल, ड्रॉप रोबॉल नियमावलीष और एनाटॉमी एंड फिजियोलॉजी विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सि) हो रही हैं।

# बर्डफ्लू एक गंभीर संक्रामक रोग

**नैनीताल।** पशु चिकित्सालय नैनीताल में सोमवार को बर्ड फ्लू को लेकर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. हेमा राठौर ने की। इसमें शहर के चिकन एवं अंडा व्यवसाई शामिल हुए। डा. राठौर ने व्यापारियों से कहा कि बर्ड फ्लू एक गंभीर संक्रामक रोग है जो लापरवाही बरतने पर इंसानों तक भी फैल सकता है। उन्होंने पोल्ट्री



उत्पाद लाते समय पूरी सावधानी बरतने पर जोर दिया। कहा कि यदि किसी पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की असामान्य मृत्यु हो रही हो या वे बीमार दिखाई दें तो वहां से उत्पाद न खरीदें। बताया कि अगर किसी व्यापारी को पोल्ट्री उत्पाद संदिग्ध लगे तो उसे तत्काल अस्पताल में जांच के लिए लाया जाए। बैठक में व्यापारियों को यह सलाह भी दी गई कि पोल्ट्री उत्पादों को बेचते समय साफ सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिक.ारी ने कहा कि जिले में फिलहाल बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन सतर्कता ही बचाव का सबसे बेहतर उपाय है। जागरूकता कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे पूरी सतर्कता बरतेंगे और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत पशु चिकित्सालय को देंगे।

# आठवें दिन भी हड़ताल पर रहे शिक्षक

**नैनीताल।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली के शिक्षक सोमवार को आठवें दिन भी चौक डाउन हड़ताल पर रहे। बता दें कि लंबे समय से पदोन्नति न होने, स्थानांतरण न होने और प्रधानाचार्य की भर्ती पदोन्नति से न होने के कारण यह आंदोलन चलाया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी के आह्वान पर शिक्षक आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में शिक्षकों ने सोमवार को खंड शिक्षा कार्यालय भीमताल में राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली के शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर के एन कर्नाटक, चंद्रशेखर जोशी, दीप्ति निखुर्पा, प्रदीप सैनी आंदोलन जारी रहेगा।


**टाटा कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013.

**कब्ज़ा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

**(सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पढ़े गए परिशिष्ट IV के अनुसार)**

सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुंबई-400013 और नई दिल्ली में अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय ("शाखा")। दिनांक 24.11.2023 के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने ट्रांसफरर्स और टाटा कैपिटल के रूप में टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') के बीच व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दे दी है। लिमिटेड ("टीसीएल") को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत हस्तांतरिती के रूप में ("कहा गया") योजना')। इसके संदर्भ में, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (ट्रांसफरर कंपनियां) अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों के साथ एक चालू चिंता के रूप में टीसीएल में विलय कर चुकी हैं। प्रतिभूतियाँ 01.01.2024 उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल इसके संदर्भ में (उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं) से दावा करने का हकदार है।

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत टाटा कैपिटल लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है। (प्रवर्तन) नियम, 2002, ने एक डिमांड नोटिस -07.05.2025 जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में असफल रहने के कारण, विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक/रचनात्मक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल लिमिटेड** के शुल्क के अधीन होगा, जिसमें नीचे दी गई राशि ब्याज सहित होगी और मांग नोटिस की तारीख से दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि।

**(उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि तथा धनराशि | भौतिक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| 21780869 का पुनर्गठन TCFLA0374 00001107 5882 ऋण खाते में | 07.05.2025 1. **फेयर डील केमिस्ट** अपने साझेदारों के माध्यम से 14 दर्शनी गेट, पलटन बाजार रोड, झंडा मोहल्ला, देहरादून-248001, 2. **श्री प्रवीण अग्रवाल** पुत्र श्री जयप्रकाश, 14-बी, ओल्ड सर्वे रोड, देहरादून - 248001, 3. **श्रीमती कामिनी अग्रवाल,** पत्नी श्री प्रवीण अग्रवाल, 14-बी, ओल्ड सर्वे रोड, देहरादून- 248001, 4. **श्री अखिलेश जिंदल** पुत्र श्री हरद्वारी लाल जिंदल मकान नंबर 7 सी, मोहिनी रोड, देहरादून 248001. मोबाइल: 9215228900, 9410474448 **इसके अलावा:** पुख्ता बाज़ार जहाँगीराबाद, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-203001. | 07.05.2025 & रू. 2,91,06,553/- | 25.08.2025 |

**सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्तियों का विवरण: संपत्ति नंबर 1:** नगरपालिका नंबर 24, दर्शनी गेट, देहरादून और भूतल की दुकान (छत के अधिकार के बिना) नगरपालिका नंबर 14/3 (नया नंबर 23) दर्शनी गेट देहरादून-248001 की संपत्ति का हिस्सा, उक्त सीमाएँ:- पूर्व: श्री नरेश कुमार गुप्ता की संपत्ति, 12 फीट 4 इंच की भुजा, पश्चिम: मुख्य सड़क के बाद जल निकासी, 5 फीट 4 इंच की भुजा, उत्तर: अन्य की संपत्ति, 12 फीट 4 इंच की भुजा, दक्षिण: मुख्य सड़क के बाद जल निकासी, 14 फीट की भुजा

**संपत्ति नंबर 2:** नगरपालिका नंबर 14/14 (नया संख्या 73/1), क्षेत्रफल 712.1 वर्ग मीटर, खान बंधु मार्ग, पुराना सर्वे रोड, देहरादून - 248001, श्री प्रवीण अग्रवाल और श्रीमती कामिनी अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख में अधिक विस्तृत रूप से वर्णित। उक्त सीमाएँ पूर्व: बर्गर एच. सी. सिंह की संपत्ति, पश्चिम: सड़क, उत्तर: डॉ0 भीम सेन पांधी की संपत्ति, दक्षिण: सड़क

दिनांक: 26.08.2025 एसडी/- अधिकृत अधिकारी

स्थान:- देहरादून (उत्तराखण्ड) टाटा कैपिटल लिमिटेड


# क्वीन्स स्कूल ने जीती 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता में नैनीताल, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और काशीपुर के अनेक नामी विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों में क्वीन्स स्कूल हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम की जबकि बिरला विद्या मंदिर नैनीताल द्वितीय और शेरवुड कॉलेज नैनीताल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंडर 9 ओपन वर्ग में आनंद एकेडमी हल्द्वानी के लव्यांश मेहरा (5 अंक) प्रथम, सेंट जोसेफ नैनीताल के अचिन्त्य उपाध्याय (4 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के मानविक माहेश्वरी (3 अंक) तृतीय रहे जबकि शेरवुड के समन्यु सिंह चौथे और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के प्रखर पंत पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में



होली विजड्म लोहाघाट की अन्वेष्का वर्मा (3.5 अंक) प्रथम और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की मानसवी बिष्ट द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर 11 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के सक्षम दर्शन (5 अंक) प्रथम, आनंदा एकेडमी की सौमया मेहरा द्वितीय, शारदा पबलिक स्कूल अल्मोड़ा के भौमिक सिंह तृतीय, सेंट थेरेसा काठगोदाम के शिखर चौथे और क्वीन्स हल्द्वानी के स्नेह कुमार पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की लिरिशा भंडारी ढ्3 अंकत्र्ञ प्रथम, दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की नैषा सिंह द्वितीय और क्वीन्स की प्रेक्षा चंद्रा तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में शेरवुड कॉलेज नैनीताल की मानसवी बिष्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर रहीं। इसी तरह अंडर 13 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में डीपीएस हल्द्वानी के दिव्यांश (5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी के सुविग्य जैन द्वितीय, केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी के ऋषभ पांडे तृतीय जबकि क्वीन्स हल्द्वानी के वेदांत द्विवेदी चौथे और बिरला विद्या मंदिर के हृदय धामा पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में विजन वैली काशीपुर की तान्या पांडे (3.5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की आरुषि द्वितीय और सानवाल स्कूल नैनीताल की हामना सिद्दीकी तृतीय स्थान पर रहीं। शहीद सैनिक नैनीताल की तृषिका भारद्वाज प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गई। अंडर 15 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में सिंथिया हल्द्वानी के गर्वित पंत (4.5 अंक) प्रथम, समर स्टडी हॉल काशीपुर के प्रखर सकसेना (4.5 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल तृतीय, सेंट जोसेफ नैनीताल के तेजस कंवल (3.5 अंक) चौथे और आर्यमन बिरला के हिमांक नागदली (3.5 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बीरशेवा हल्द्वानी की प्रियंका पांडे (4 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की दिव्यांशी पोखरिया द्वितीय और क्वीन्स की आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में लेकस भीमताल की राशी अधिकारी प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गई जबकि अंडर-18 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी के धुवांश भट्ट (5 अंक) ने पहला स्थान प्राप्त किया। क्वीन्स हल्द्वानी के हर्षित पंत (4 अंक) द्वितीय, बीरशेवा हल्द्वानी के मयंक सिंह (3.5 अंक) तृतीय तथा बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के शाश्वत आनंद (3 अंक) चतुर्थ और शेरवुड कॉलेज नैनीताल के आदित्य बहानी (3 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की खुशी कनोजिया प्रथम और केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी की प्रियांशी बोरा द्वितीय स्थान पर रहीं। समारोह के समापन अवसर पर मुखय अतिथि नैनीताल की पालिक.ाध्य डा. सरस्वती खेतवाल ने विज.ेताओं को ट्राफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अनिल कुमार, अमित कुमार, धीरेंद्र बिष्ट, विजय बहुगुणा, संदीप बिष्ट, विश्वकेतु वैद्य, ललित लामाकोटी और संतोष कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संचालन में नीरज साह, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी और ईश्वर दत्त तिवारी ने आर्बिटर की भूमिका निभाई। निर्णायकों और अतिथियों ने विजेताओं की खेल भावना तथा धैर्य और रणनीतिक सोच की सराहना की। अंत में प्रतियोगिता के आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवारी ने सभी का आभार जताया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTTHIN2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# विधायक भगत ने लगाया जनता दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कालाढूंगी।** विधायक बंशीधर भगत ने जनता दरबार लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं वही मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को समस्या के समाधान के दिए निर्देश।सोमवार को कोटाबाग के ग्राम बजुनियाहल्दू में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने एक जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी इस दौरान सिंचाई, जल संस्थान, विद्युत विभाग, लोकनिर्माण विभाग से जुड़ी दर्जनों समस्याओं को ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत के सम्मुख रखा जिस पर विद्यायक भगत द्वारा मौके पर मौजूद संबंधित विभाग से उक्त समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए वही इस दौरान मुख्य समस्या कालाढूंगी से मुसाबनगर तक मुख्य मार्ग बार बार टूट जाता है। इसके समाधान किए विधायक ने लोकनिर्माण विभाग से कहा कि उक्त मार्ग को सीसी बनाए जाने के निर्देश दिए वही अन्य सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। जनता दरबार के बाद नवनिर्वाचित कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, बजुनिया हल्दू क्षेत्र पंचायत सदस्य मिनिता जोशी, प्रधान ममता गजरौला, प्रधान पति नवीन गजरौला का स्वागत किया गया। इस दौरान कालाढूंगी मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री विनोद बुधलाकोटी, विनोद बधानी, कमल जोशी, मुकेश वर्मा, नवीन पंत सहित दर्जनों ग्रामीण सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप

**नैनीताल।** भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की व मंडल कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मां नंदा देवी महोत्सव से संबंधित टेंडर में हो रही अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पालिका प्रशासन की ओर से हाल में ही एक टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गयी थी ।


**यूजेवीएन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006

दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,

CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 611 **निविदा सूचना** दि0: 25.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुएवंउ0) कुल्हाल विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदासं0-05/यूजेवीएनलि0/अअ(अनुएवंउ0)/केपीएस/2025-26**: कुल्हाल विद्युत गृह के अग्नि शमन उपकरणों की रिफिलिंग एवं अन्य सम्बन्धित कार्य हेतू।

**अनुमानित लागत :** रु0 2,05,000/- जी0एस0टी0 अतिरिक्त।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 29.08.2025, 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 18.09.2025, 15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता, कुल्हाल**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, (केन्द्रीय), 18, ई०सी० रोड, देहरादून

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या U40109UR2001SGC025867

**विद्युत बाधित सूचना**

समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि RDSS योजना के तहत किये जाने वाले कार्यों हेतु उपखण्ड आराघर के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उपसंस्थान दूरदर्शन व नेहरू कॉलोनी के 11 के०वी० शान्ति विहार एवं 11 के०वी० एल०आई०सी० फीडरों में कार्य किये जाने हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | फीडर का नाम | दिनांक एवं समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० दूरदर्शन | 11 के०वी० शान्ति विहार | दिनाक 26.08.2025 से 28.08.2025 समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 17:00 बजे तक | पुरानी पुलिस चौकी, बहुगुणा कॉलोनी, मोथरोवाला चौक व दीपनगर फीडर से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 2 | 33/11 के०वी० नेहरू कॉलोनी एवं 33/11 के०वी० दूरदर्शन | 11 के०वी० एल०आई०सी० एवं 11 के०वी० शान्ति विहार | दिनाक 28.08.2025 से 02.09.2025 तक समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 17:00 बजे तक | डी० ब्लाक नेहरू कॉलोनी, पुरानी पुलिस चौकी, मोथरोवाला चौक, बहुगुणा कॉलोनी, एवं एल०आई०सी० फीडर से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्र |

अतः सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें।

No.: 483/EE(CM)/UPCL/A-2 Date: 25.08.2025 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

खेल विशेष

## शाकिब टी-20 में 500 विकेट और सात हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

**नॉर्थ साउंड, वार्ता।** शाकिब अल हसन टी-20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 से अधिक रन बनाने वाले टी-20 में दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। शाकिब ने यह उपलब्धि पेट्रियट्स बनाम फफ़ाल्कंस के सीपीएल 2025 मुकाबले के दौरान हासिल की। शाकिब को पारी के 15वें ओवर में पहली बार आक्रमण पर लगाया गया और उन्होंने इसी ओवर में मोहम्मद रिजवान को कैच कराकर टी-20 इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पांचवें गें. दबाज बन गए। शाकिब ने अगले ओवर में दो और विकेट लेते हुए अपने आंकड़े को 502 तक पहुंचा दिया। शाकीब ने इस मैच में दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। इस उपलब्धि के साथ शाकिब टी-20 क्रिकेट में 500 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा: मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को देश भर में खेल और फिटनेस के तीन दिवसीय जन आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा। डॉ. मांडविया ने पिछले सप्ताह इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलने के आ]वान पर अमल करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दिल्ली ने अपने संबंधित विभागों को तैयारियां शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए।

## असम और पश्चिम बंगाल की टीमें सुब्रतो कप के फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम और पश्चिम बंगाल की अंडर-17 जूनियर लड़कियों की टीमें बुधवार को 64वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। यहां पिंटो पार्क फुटबॉल मैदान में असम और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने सेमीमफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। असम बनाम केरल के पहले सेमीफाइनल में असम के बेतकुची हाई स्कूल ने अपार ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, केरल को 4-1 से हराया। असम की निलिना ब्रह्मा ने 9वें मिनट में पहला गोल किया। असम की स्टार मारी मिच ने (25वें, 35वें, 48वें मिनट) गोल किया।

# शार्वरी ने तीरंदाजी में जीता सोना

तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप

● **शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अभियान समाप्त किया**




**कनाडा, वार्ता।** शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया। शेंडे ने रविवार को खेले गए फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।

इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा कि क्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं।

मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।







## गोआला-रावत ने जीता कैमरून इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब

**याउंडे, वार्ता।** भारत के सूरज गोआला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने कैमरून इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने ड्रॉ में अपना दबदबा बनाए रखा और साथ में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल सीरीज खिताब जीतने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। फाइनल में गोआला और रावत ने जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को 34 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहले राउंड में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने कैमरून के मिशेल हेनरी असेंबे और फेलिक्स मिशेल केमेने अटांगाना की जोड़ी पर 21-12, 21-6 से जीत के साथ शुरुआत की और फिर क्वार्टर फाइनल में यूएई के देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन को 21-15, 21-10 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने हमवतन हरि भारती भास्करन पी और भारतसंजय एस की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। अनमोल खरब महिला एकल में उपविजेता रहीं, फाइनल में इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान से 21-11, 21-19 से हार गईं।

● अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025

# मुरली ने लंबी कूद व रोहित ने भाला फेंक का खिताब जीता

● **रोहित यादव ने 83.65 मी. के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, मुरली श्रीशंकर ने 8.06 मी. की छलांग लगाकर खिताब जीता**

**चेन्नई, वार्ता।** मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8-27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन लवडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है। योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83-65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85-50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

## संन्यास ले चुकी वैन नीकेर्क की द. अफ्रीकी टीम में हुई वापसी

**केपटाउन, वार्ता।** संन्यास ले चुकी दिग्गज व पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क की आगामी एकदिवसीय महिला विश्वकप से पहले द. अफ्रीका की 20 सदस्यीय टीम में वापसी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 2023 में संन्यास ले चुकी डेन वैन नीकेर्क ने सोमवार को अपने फैसले पर यू टर्न लेते हुए अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक बयान में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसला को वापस ले लिया है। इस समय ने मुझे याद दिलाया है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कितना मिस किया है और मैं एक बार फिर उस अवसर को पाने के लिए अपना सबकुछ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

# राजगीर में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी: हरमनप्रीत सिंह



● **राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रही है,

टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। यहां एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के बिहार के राजगीर पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बिहार में पहले कभी नहीं खेला है और यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह खेल को समर्थन देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है और हम पूरे टूर्नामेंट के दौरान यहां हॉकी प्रशंसकों के प्यार और समर्थन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जकार्ता में आयोजित पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जहां 15 नए खिलाड़ियों वाली एक युवा टीम ने पोडियम पर स्थान हासिल करके अपने अभियान में जज्बा दिखाया था। हालांकि, इस बार विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर होने के कारण हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बिहार में पहली बार खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार आकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी हो रही है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश व चीनी ताइपे शामिल हैं।

# चानू व धर्मज्योति ने जीते स्वर्ण पदक



● **मीराबाई चानू को इस स्वर्ण पदक ने ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने महिला वर्ग और धर्मज्योति देवघरिया ने पुरुष वर्ग में सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए मीराबाई चानू ने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्वर्ण पदक ने उन्हें ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का भी मौका दिया। महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए मीराबाई ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया, जबकि इसी भार वर्ग में उनका पहला प्रयास असफल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 87 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई वैध भार नहीं उठा सकीं। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की उसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 109 किग्रा भार उठाया और अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, जिसे वह पूरा नहीं कर सकीं।

भारत की सौम्या सुनील दलवी ने 177 किग्रा (76 किग्रा प्लस 101 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता, जबकि नाइजीरिया की रूथ असौक्वो न्योंग ने कुल 167 किग्रा (72 किग्रा प्लस 95 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के संशोध्ति भार वर्गों के तहत अपने पसंदीदा 49 किग्रा वर्ग को बंद कर दिए जाने के बाद चानू अब 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्ध कर रही हैं। वहीं पुरुषों के 56 किग्रा युवा वर्ग में, भारत के धर्मज्योति देवघरिया ने 224 किग्रा (97 किग्रा स्नैच प्लस 127 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके कुल और सी एंड जे भारोत्तोलन भी युवा राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड थे।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाक टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा




● **आगामी विश्व कप की तैयारी के तहत पाक की यही टीम 16 सितम्बर से द.अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैच खेलेगी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाक नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं।

# बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

यूएस ओपन

● **फ्रांस की खिलाड़ी बोन्जी ने 5 सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को हराकर सभी को चौंका दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

## आइवा को हराकर पाओलिनी दूसरे दौर में

**न्यूयॉक, वार्ता।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओ. लिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया।



**गजब : एमडीडीए में रिश्वत के मामले में डेढ़ साल की सजा काट चुके**

# विवादित एई को बना दिया एचआरडीए का जिम्मेदार

## एचआरडीए में अधिशासी अभियंता का मात्र एक पद, उस पर भी बैठा दिया विवादित अधिकारी

**अख्तर मलिक**

**रुड़की।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण में विवादित सहायक अभियंता को सांठ गांठ कर अधिशासी अभियंता की कुर्सी पर बैठा दिया। जबकि, उनके रिश्वत के मामले में पकड़े जाने जांच अभी विचाराधीन है। इतना ही नहीं जो विधिवत सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं वह अभी अपने हक का मात्र इंतजार कर रहे हैं।

रुड़की निवासी अनंत कुमार ने इस मामले में शासन को शिकायत कर करवाई की मांग की है। शिकायत में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2016 में टीपी नोटियाल नाम के अवर अभियंता को सतर्कता विभाग ने रिश्वत के प्रकरण में गिरफ्तार किया था। रंगेहाथ नकद राशि पकड़े जाने के मामले में वह एमडीडीए में रहते हुए डेढ़ साल जेल भी गए थे। ये प्रकरण सतर्कता विभाग में आज भी विचाराधीन है। बावजूद इसके पहले तो शासन ने उन्हें अवर अभियंता से तदर्थ सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति दे दी। हालांकि तदर्थ एक वेकल्पिक व्यवस्था होती है, जिसके रहते संबंधित अधिकारी सहायक अभियंता की न ही सूची में शामिल

**❖ वर्ष 2016 से मामला आज भी विचाराधीन, इसलिए बनाए गए थे तदर्थ सहायक अभियंता, पात्र करते रहे इंतजार**

होता है और न ही वो सहायक अभियंता के लाभाश का हकदार होता है। इसके बाद भी एच आर दी ए जैसे महत्वपूर्ण विभाग में आने के बाद टीपी नोटियाल को तदर्थ सहायक अभियंता से सीध‍ी अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी से नवाज दिया जाता है। इतना ही नहीं ऐसे विवादित अभिकारी को विभाग के महत्वपूर्ण कार्य जैसे निविदा आमंत्रित करना, निविदा खोलना, तकनीकी फीड जांच, मास्टर प्लान जैसे कार्य दे दिए जाते हैं। जबकि जिस अधिकारी का मामला सतर्कता कोर्ट में विचाराधीन है वह अधिकारी ऐसे कार्यों के योग्य ही नहीं होता है।

**तो फिर बन जाएंगे अवर अभियंता..** अधिशासी अभियंता की जो जांच सतर्कता विभाग में विचाराधीन है। यदि उक्त मामले में यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें वापस अवर अभियंता के पद पर भेज दिया जायेगा। यदि वह दोष मुक्त रहते हैं तब जाकर सहायक अभियंता रह सकते हैं। ऐसे में क्या इन अधिकारी को लाभ देना उचित था या नहीं।

**सहायक अभियंता थे मौजूद..** जिस समय विवादित तदर्थ सहायक अभियंता को लाभ देकर अधिशासी अभियंता बनाया गया। उस समय एच आर डी ए के पास पदोन्नति से आए सहायक अभियंता उमा पति भट्ट उपलब्ध थे, जो अधिशासी अभियंता की कुर्सी के नियमानुसार हकदार थे। लेकिन अफसरों ने नियमों को धट्टा बताकर अपने चहेते विवादित अधिकारी को ही अधिशासी अधिकारी बना डाला।

**अब दोबारा नियुक्ति की तैयारी..** हैरत की बात ये है कि उक्त अधिकारी का कार्यकाल इसी माह समाप्त होने वाला है। सूत्रों की माने तो अब गुपचुप तरीके से उक्त विवादित अधिकारी का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। जबकि पात्र अधिकारी अभी भी इंतजार की लाइन में खडे हैं।

# मंदिर में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी डॉ सम्राट सिंह पुत्र श्री स्वतंत्र वीर सिंह निवासी शाकुंभरी एनक्लेव कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा लिखित सूचना दी की दिनांक 23.8.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हनुमान मंदिर शाकंकुभरी एनक्लेव से शिवलिंग व पीतल के दिए ,थाली ,शेषनाग तथा दान राशि को चोरी कर लिया गया है। जिसके संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 302/25 धारा 305 डी बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक सूरत शर्मा के सुपुर्द की गई। थाना क्षेत्र में चोरी की घटना के खुलासे को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशानुसार ने क्षेत्राधिकारी रूडकी' जनपद हरिद्वार के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर सुरागरसी पतारसी/ चौकिंग व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी से संबंधित माल मय मुलजिमान को गिरपतार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त' 1-समीर पुत्र मतीन अहमद निवासी भारत नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2-नाजिम पुत्र मोहम्मद शब्बीर निवासी उपरोक्त 3-सैफ अली उर्फ छोटा पुत्र इकरार पकड लिया है।

# चमनलाल में साप्ताहिक वैल्यू एडेड कोर्स का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमनलाल महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" कोर्स का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान विभिन्न महाविद्यालय के विद्वान अध्यापकों ने छात्र छात्राओं को भारतीय संविधान एवं नागरिक चेतना से संबंधित विविध विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा वैल्यू एडेड कोर्स "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" को लेकर 18 अगस्त से शुरू हुए कोर्स के पहले दिन राजकीय महाविद्यालय कामद (टिहरी गढ़वाल) के प्रवीण आचार्य ने "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" पर व्याख्यान दिया। दूसरे दिन पी.जी. कॉलेज धनौरी की डॉ. कल्पना भट्ट ने "संसद और विधानमंडल की भूमिका" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे दिन पी.जी. कॉलेज धनौरी के ही डॉ. अरविंद कुमार ने "भारतीय संविधान एवं परीक्षा दृष्टि" विषय पर व्याख्यान दिया। चौथे दिन राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तीर्थ प्रकाश ने "नागरिकों के लिए संवैधानिक उपाय" पर विस्तार से चर्चा की। पांचवें दिन पं. ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश के प्रो. डी.पी. चौधरी ने "अनुच्छेद 370 का एक अवलोकन" विषय पर विद्यार्थियों को अवगत कराया। छठे दिन



रानी धर्मकुंवर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दल्लावाला के डॉ. संतोष कुमार शाह ने "न्यायपालिका और विधि का शासन" पर व्याख्यान दिया। समारोह के अंतिम दिन राजकीय महाविद्यालय चकराता के डॉ. अनुज कुमार ने "स्थानीय स्वशासन और पंचायती राज" विषय पर विचार रखे। उनके साथ हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर के डॉ. मनोज कुमार ने "पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका" विषय पर व्याख्यान दिया। समापन दिवस पर विद्यार्थियों के लिए "भारतीय संविधान और नागरिक जागरूकता" विषयक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मूल्यांकन उपरांत घोषित किया गया कि शीर्ष पाँच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1 सितम्बर को महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर प्रबंध समिति अध्यक्ष . रामकुमार शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. निशु कुमार भाटी, प्राचार्य डॉ सुशील उपाध्याय महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय, प्रबंध समिति के सचिव अरुण हरित, कोषाध्यक्ष अतुल हरित, डॉ. धर्मेंद्र कुमार सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# बेलकी मसाही व मसाही कलां में सुबोध राकेश ने सुनीं ग्रामीणों की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के बेलकी मसाही और मसाही कलां में भाजपा नेता सुबोध राकेश ने जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। इस इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया कहा कि गांव की सड़क नाले के हालात बद से बदतर हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क सही से नहीं आने पर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भाजपा नेता सुबोध राकेश ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की प्रत्येक समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सुरेंद्र राकेश



को हमेशा घाड क्षेत्र की चिंता थी। उन्होंने घाड क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए तमाम विकास कार्य किए। उनके सपने के अनुरूप वह घाड क्षेत्र को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर चाँद मल, रामकला, मुकेश, संदीप, उमंन, कुसुमपाल, मांगेराम, निरंजन पाल, किरण पाल, रविन्द्र, महिपाल, रंजन पाल,सोनित सम्राट, डॉ. राजकुमार सैनी,संदीप, एड.हितेश, प्रमोद, तेजपाल, मलखान, मुलकीराज,जय सिंह, नरेश, भूपेंद्र, सबोध, गीताराम, रामकुमार, पूना, नवनीत, जयदीप, विकास, आदेश, शेखर, अमित आदि मौजूद रहे।

# मेहंदी डोरी की रस्म के साथ साबिर पाक के सालाना उर्स आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** महेंदी डोरी की रस्म के अदा करने के साथ साबिर पाक के 757 वें सालाना उर्स आगाज रविवार से हो गया है।उर्स में शामिल होने के लिए जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

रविवार शाम को चांद दिखाई देने के बाद रात 10 बजे दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ,शाह यावर एजाज साबरी अकीदतमंदों के साथ दरगाह साबिर पाक से अल्लाहु अकबर की सदाओं के साथ अपने कदीमी (पुराने) घर शाह खालिक मियां के यहां पहुंचे।यहां से अपने सिर पर मेहंदी, डोरी की थाल, संदल और प्रसाद लेकर कव्वालियों के साथ दरगाह साबिर पाक पहुंचे। इसके बाद सज्जादानशींन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने दरगाह साबिर पाक में मेहंदी डोरी और संदल



पेश कर देश में अमनो अमान की दुआ की।उसके बाद शाह अली एजाज साबरी, शाह यावर अली ऐजाज साबरी ने मेहंदी डोरी अकीदमन्दों को प्रसाद के तौर पर बांटी।पानीपत दरगाह के सज्जादानशीन सैयद हाफिज मैराज साबरी ने भी अपने मुरीदों के साथ मेहंदी डोरी की रस्म में शिरकत की। इस दौरान कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए।इस मौके पर शाह खालिक मियां, पानीपत दरगाह के सज्जादानशीन सैयद हाफिज मैराज साबरी ,शाह सुहैल मियां, शाह गाजी ,शाह असद साबरी ,सफीक साबरी, मुनव्वर अली साबरी , यासिर ऐजाज ,नैय्यर अजीम फरीदी, सूफी राशिद साबरी ,सूफी इसरार साबरी ,नोमी मियां ,सलीम उदयपुरी ,हैदर हबीब ,आदिल हबीब , बाबा मिस्सी शाह,इस्तिकार अमन साबरी, रहीम साबरी, आदि अकीदतमंद मौजूद रहें।

# युवक पर धारदार हथियारों से हमला, तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र में हुए विवाद में युवक पर चाकू, कैंची व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमला करने वाले 03 आरोपियों को दबोच लिया है।

जानकारी के अनुसार वादी कँवरपाल पुत्र कालूराम निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर पर तहरीर दी गई कि प्रतिवादीगण ने उसके पुत्र गौरव को कमरे में बंद कर जान से मारने की नीयत से चाकू व कैंची से उसके शरीर व गर्दन पर वार किया। वादी व अन्य व्यक्तियों द्वारा छुड़ाने का प्रयास करने पर अभियुक्तागण ने लाठी डण्डों व धारदार हथियारों से हमला कर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 -283/25 प्रभावी धाराओं में पंजीकृत किया गया। कोतवाली भगवानपुर द्वारा आरोपियों की गिरपतारी हेतु टीम बनाकर दबिश दी गई तथा तीन आरोपियों को दबोचा गया। नाम पता आरोपी'1.विजयपाल पुत्र बुच्चा निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार, उम्र 32 वर्ष 2.मुन्ना पुत्र बुच्चा निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार 3.अरुण पुत्र नाथीराम निवासी ग्राम अकबरपुर कालसो, थाना भगवानपुर है। आरोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 मुकेशदत्त नौटियाल, अपर उ0नि0 प्रदीप चौहान, हे0का0 शूरवीर तोमर, का0 चन्द्रविकास व का0 योगेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# उत्तराखंड मुक्त विवि रुड़की क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के तहत आज रुड़की क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों के बीच मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के बारे में चर्चा की गई और उन्हें अधिक से अधिक प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.रामकुमार चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश,परीक्षा एवं परिणाम के आधार पर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय के कोर्स का लाभ उठाने की छात्रों से अपील की। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के महत्व और लाभों बताते हुये नकहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोई भी छात्र ,कही से भी और अपने समय के अनुसार अध्ययन कर सकता हैं, जो उनके लिए अत्यंत फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने जनसंचार माध्यमों का बेहतर प्रयोग कर छात्रों की पढ़ाई को और अधिक आसान कर दिया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सोमेश कुमार ने भी मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी । कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मोहनी देवी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ.योगेन्द्र सिंहल, डॉ.आर. पी.सिंह, डॉ. रेनू, डॉ.संगीता चौहान, डॉ.अमित कुमार, डॉ.सिमोना राणा, डॉ.जमुना देवी, डॉ.गरिमा सिंह सहित 400 से अधिक छात्र छात्राएं शामिल हुए।

# नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रैन बसेरे में एक पांच साल की बच्ची के साथ एक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बिहार के गोपालगंज थावे निवासी एक महिला अपनी पांच साल की बच्ची के साथ करीब 10 दिन पहले दरगाह साबिर पाक में जियारत करने के लिए आई थी।वह दरगाह क्षेत्र में एक गेस्ट हाऊस में ठहरी हुई थी।गेस्ट हाउस का समय पूरा होने के कारण वह अपनी बच्ची को लेकर रैन बसेरे में ठहर गई। करीब साढ़े पांच बजे वह बिस्तर छोड़कर शौच के लिए चली गई।जब वह वापस आई तो उसने देखा कि पास में सोने वाला एक व्यक्ति उसकी बेटी के साथ गलत हरकत कर रहा है।और उसकी बेटी रोते हुए चिल्ला रही थी।शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी मौका पाकर वहां से फरार हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। बच्ची को पुलिस ने उपचार के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को कलियर पीपल चौक से गिरपतार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगदीश निवासी जयनगर विधानसभा के पीछे स्वेबपुर बेंगलुरु कर्नाटक बताया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की मेरे पुत्र फुरकान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने फुरकान को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद फुरकान के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है होगी।

**कुरबान पुत्र तासिन नि. सुलतानपुर आदमपुर, लकसर जिला हरिद्वार।**

# पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओं की तामिल के लिए पुलिस टीम गठित कि गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर कीसूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम सत्यम कुमार पुत्र करणपाल निवासी महाराजपुर कला थाना कोतवाली लक्सर है। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल अनिल वर्मा राजेंद्र बिष्ट शामिल रहे।

# भगवानपुर तहसील प्रशासन ने हल्लू माजरा में सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ग्राम हल्लू माजरा तहसील भगवानपुर में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में अन्य विभागों के साथ उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें कल 9 समस्याएं आए हैं तथा तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। शेष सभी शिकायत संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गई है जिसमें एक सप्ताह के अंदर-अंदर निस्तारण करने के आदेश दिए गए हैं। शिकायतें लोक निर्माण विभाग पेयजल राजस्व विभाग खाद्य विभाग से संबंधित है जिसमें फसलों का मुआवजा देना पानी की पाइपलाइन टूटी होना तथा पुलिया बंद होने के कारण फसलों में जल पानी भरा हुआ है उसको खुलवाने की मांग की गई है। दो विरासत एवं एक पेंशन का मौके पर अर्थात तीन शिकायत निस्तारण कर दिया गया है सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत सिंचाई विभाग से स्वाति गुप्ता खाद्य पूर्ति विभाग से नागेंद्र कुमार के जन्मदिन को फंड से नलकूप खंड से अक्षय शर्मा एवं इकबाल अहमद शिक्षा विभाग से तथा राजस्व विभाग से कानून को ओमप्रकाश क्षेत्रीय पटवारी सुलक्षणा नेगी ग्राम वासी ग्राम प्रधान शिकायत करता उपस्थित रहे।

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संघ का रुडकी, मंगलौर व लक्सर में प्रदर्शन

## समस्याओं के निस्तारण के लिए रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, लक्सर एसडीएम व मंगलौर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय शिक्षक संघ हरिद्वार ने आज अपनी लम्बित मांगों के समाधान हेतु आंदोलन की घोषणा की। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड, देहरादून एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

इस ज्ञापन में प्रमुख मांगों के साथ यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया कि प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए और इसे पूर्व की भांति पदोन्नति के माध्यम से भरा जाए। इसके अतिरिक्त संघ की अन्य प्रमुख मांगों में स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, चयन वेतनमान, ग्रेड वेतनमान एवं अन्य वित्तीय लाभों का अनुमोदन शामिल हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य इस अवसर पर संघ के कई पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रविन्द्र ममगाई, लाल सिंह, शिव सिंह रावत, जसमेन्द्र सागर, कृष्णा यादव, ललित मोहन जोशी, अर्चना सैनी, यामिनी नागर, अलका, श्वेता नौठियाल, मंजू सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अनिल धीमान, सुशील चौधरी,




निरूपमा वर्मा, शैलेन्द्र गौड, सतेन्द्र कुमार, परवेज आलम, संतोषी विष्ट, मान सिंह, रविन्द्र बिजल्वाण, नरेन्द्र शर्मा, मंजीत सिंह, योगेश कुमार, ममता लखेडा, संतोषी रावत, श्रद्धा शर्मा, शालिनी सिंघल, रोशनलाल, मंजू चंदोला, विवेक सैनी, एवं लोकेश कुमार शामिल रहे। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक है। उन्होंने सारकार से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की और कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र होगा।

**वहीं खानपुर राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड** ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया और मांगे नहीं मानने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई है। शिक्षक संघ के नेता मास्टर मांगे राम मौर्य ने कहा कि आज ब्लॉक मुख्यालय खानपुर में अपनी मुख्य मांगों को मनवाने के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। खानपुर शिक्षक संघ के मास्टर यशपाल सिंह ने कहा कि आज तो हम एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। 27 अगस्त 2025 को हरिद्वार जिला मुख्यालय पर बहुत बड़ा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती अर्चना चौधरी ब्लॉक मंत्री श्री यशपाल सिंह ब्लाक कार्यकारिणी के सदस्य द्वारा अपने अपने विचार रखे गए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के मौके पर अरविंद कुमार, मुकेश सैनी ,चरण सिंह, चंद्र प्रकाश, नीलम सिंह, बबलू राम आदि शिक्षक शिक्षाएं वहां पर उपस्थित रहे।

**इसके अलावा खंड कार्यालय मंगलौर के** प्रांगण में राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आवाहन पर अपनी घोषित न्याय उचित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम ब्लॉक राजकीय शिक्षक संघ नारसन अध्यक्ष राजकुमार सैनी एवं मंत्री ब्लॉक राजकीय शिक्षक संघ नारसन सपना रानी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर धरना स्थल पर ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी नारसन मिराज अहमद एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नारसन जे डी आर्य को ज्ञापन देकर अपना विरोध व्यक्त किया।

धरना स्थल पर पवन राना, जितेंद्र पवार, प्रीति सैनी, सपना रानी, कमलकांत बरुआ, सुशील पाल ने अपने ओजस्वी भाषण से संबोधित कर अपना ध्यान आकर्षित किया। सभा का संचालन सुरेश रौथान एवं सुशील पाल ने संयुक्त रूप से किया। धरना स्थल पर अरुण खरे, पवन राना, प्रीति सैनी, रितु चौहान, सुशील चौधरी, रविंद्र चौहान,, कमलकांत बरुआ, आलोक द्विवेदी, कुलदीप सैनी, प्रेम प्रकाश जोशी, सत्यवीर पांचाल, अनिल कुमार आदि शिक्षक गण उपस्थित होकर धरने कोसफल बनाया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 26 अगस्त 2025

# अमेरिका को दो-टूक

लगता है कि अमेरिका से व्यापार को लेकर भारत का धैर्य भी टूटता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के शहर मॉस्को से सीधे यह कहकर अमेरिका को चुनौती दे डाली है कि वह किसी के दबाव में आकर किसी के साथ भी व्यापार नहीं करेंगे और अपने स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात उस समय कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत में नामित किया है।

समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार को लेकर किस तरह की नीति पर चल रहे हैं। वह व्यापार को भी धमकियों के सहारे चलाना चाहते हैं। वह खुलकर दूसरे देशों के मामले में सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं कि वह किससे व्यापार करें और किससे नहीं। भारत के मामले में तो वह ज्यादा ही मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं और सीधे भारत को चेता. वन दे रहे हैं कि अगर उसने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो वह उसको सहन नहीं करेगा। अपनी इस धमकियों को अमल. ीजामा पहनाते हुए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी लगा दिया है। हालांकि पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस अंदाज में अपनी बात को रखा है, उससे भी यही लगता है कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ कोई सहमति बनती दिखाई नहीं दे रही है। अब तो भारत ने अमेरिका से डाक सेवा भी निलंबित कर दी है। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने यह कदम उठाया है लेकिन भारत द्वारा उठाए गए कदम का अपना एक अलग महत्व है। असल में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी ही धनक में किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत एक रणनीतिकार देश अमेरिका के लिए रहा है। ट्रम्प उस महत्व को ही कम करते दिखाई दे रहे हैं और पाकिस्तान को बढ़ावा देते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रम्प का यह कहना भी हास्यास्पद है कि भारत रूस से जो व्यापार करता है विशेषकर तेल का, उससे वह भारी पैसे कमाता है। साथ ही रूस को भी आर्थिक रूप से मजबूत करता है। इस पर हमारे विदेश मंत्री ने साफ कह दिया है कि भारत किसी भी देश को इस बात के लिए मजबूर नहीं करता है कि वह भारत से तेल खरीदें, किसे खरीदना है किसे नहीं यह उनकी अपनी मर्जी। अमेरिका को समझना होगा कि रूस भारत का बेहद पुराना और परखा हुआ मित्र देश है। वह उसको एक झटके में नहीं छोड़ते। छोड़ना भी नहीं चाहिए। यह देखकर तो और भी नहीं, जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ मौजूदा व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता ही कम होती है आखिर सभी को अच्छी तरह मालूम है कि कोई भी संबंध भरोसे पर टिके होते हैं। अगर भरोसा ही दरक जाए, तो फिर संबंधों को पटरी पर लाना मुश्किल होता है। जहां तक बात रूस–यूक्रेन संघर्ष की है, तो इसके लिए भारत किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं है। बल्कि अगर निष्पक्षता के साथ कहा जाए तो यूरोप देश ही उसके लिए अधिक जिम्मेदार है और यूं भी आज की दुनिया में सभी को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है।

## जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं लोग



आज दिल्ली वाले उनकी जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सात महीनों में भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है, राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा, तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलाई, कम से कम जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में फ्री दवाईयां मिलती थीं, फ्री टेस्ट होते थे, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, प्राइवेट स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी, अगर किसी पर झूठा केस लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा केस लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए। **–अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू कर दिया है



**पवन सिंह**



हिमालय ने अपने हिसाब-किताब की फाइल खोल दी है। उसने अपना हिस्सा वापस लेना शुरू कर दिया है और दुनिया में अब तक ऐसी कोई भी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक ताकत नहीं है, जो इसे रोक ले। हिमालय को पर्यटन और स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर रौंदने की कीमत आप सब को चुकानी होगी। इसके लिए खुद को तैयार कर लीजिए। याद रखिए नेचर यानी कि नदियों और पहाड़ों ने भी अपने नाम की रजिस्ट्री करा रखी है और उसका खसरा-खतौनी नेचर की तहसील में सुरक्षित है। अब इसी नेचर की तहसील ने अपनी जमीन का ब्यौरा निकाल लिया है।

किसी भी मानव की कल्पनाओं व धंधे के उद्देश्य से जनित। कपोल-कल्पित पात्रों चरित्रों किस्सों कहानियों में यह ताकत नहीं है, जो इसे रोक लें। अब आप को वह सारी जगह खाली करनी होगी और तथाकथित विकास का पागलपन रोकना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो नेचर आपको, आपके विकास सहित, हजारों फीट नीचे दफन कर देगी। कटते जंगलों ने मैदानी इलाकों का भी चेहरा बदलना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप वर्षा चक्र गहरे प्रभावित हुआ है। इसकी कीमत बहुत बड़ी होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पड़ोसी चीन अपने सबसे विस्तृत रेगिस्तान गोबा को हरित कर रहा है और पेड़ों को काटने की बजाए उन्हें प्रत्यारोपित कर रहा है, वहीं सत्ता-उद्योगपतियों-अफसरों और लकड़ी माफियाओं की चौकड़ी ने भयावह कटान व प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचा रखी है। कोई सुनने वाला नहीं है। चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों की डरावनी और वहशी लूट मची हुई है। लोगों को धर्म के नाम पर पागल करके प्राकृतिक नेअमतों की ऐसी अमंगलकारी लूट भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुई।

खैर, नदियां भी अपना रास्ता बनाना जानती हैं और ये संवेदनशील धरती, जिसे आपने अपने तथाकथित लालच के लिए लगभग तबाह कर डाला, अब उसकी बारी है। इसलिए वह सब देखने व सहने के लिए तैयार रहिए, जिसकी आपने कभी कल्पना नहीं की थी। आपका कोई भी कुल देवता, कोई पीर, कोई मूसा, कोई बाबा-बूबी, कोई महाराज, कोई सद्गुरु अब नहीं बचा पाएगा। सूखा, बाढ़, लैंड स्लाइडिंग, भूमि धसकना और बड़े व भयावह भूकंपों के लिए खुद को तैयार कर लीजिए।

हिमाचल प्रदेश में मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, और चंबा को बाढ़ और भूस्खलन ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इनमें से कुछ इलाके जैसे कान घाटी कुल्लू और सिहुंता चंबा में बादल फटने और भूस्खलन के कारण घर, सड़कें और खेती की जमीनें ध्वस्त हुई हैं। सैकड़ों लोग मारे गए हैं और यह क्रम अब साल दर साल बढ़ेगा। उत्तराखंड भी तबाही के मुहाने पर है, लेकिन संसाधनों की लूट और बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर अंधी कमाई के लालच ने तबाही के नए अध्याय लिख डाले हैं।

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली को भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग का मानना है कि चमोली जिले के चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी जिले के घनसाली, नरेंद्रनगर एवं धनोल्टी सब डिवीजन और उत्तरकाशी जिले के डुण्डा एवं चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में इस साल ही नहीं आने वाले वर्षों में भी भूस्खलन की भयावह घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ों के धंसने की यह घटनाएं समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में हो सकती हैं। जंगलों की बेतहाशा कटान व अन्य गतिविधियों ने मानवीय जीवन के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिया हैं। इनमें क्लाइमेट फैक्टर, एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटी, एक्सेसिव रेनफॉल, नेचुरल एक्टिविटी और एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन जैसे कारक हैं। वर्ष, 1988 से 2024 के बीच समूचे उत्तराखंड में भूस्खलन की लगभग 15,000 से अधिक घटनाएं हुई, जिसमें अरबों रुपये का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग मारे गए। वर्ष 2018 में जहां 496 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हैं वहीं 2019 में 291 भूस्खलन हुए। वर्ष, 2020 में 973 भूस्खलन, 2021 में 354 वर्ष, 2022 में 245 भूस्खलन, वर्ष 2023 में लगभग 1323 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। वर्ष, 2024 में लगभग 1813 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। फिलहाल सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करते हैं। इसके अनुसार 17 अगस्त, 2025 को कठुआ जिले में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अनुसार 30 जुलाई, 2025 तक, भारत में कुल हाइड्रो-मौसमी आपदाओं बाढ़ और भूस्खलन सहित में 1600 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि हिमालय प्रदेश में 20 अगस्त से 25 अगस्त, 2025 के बीच करीब 400 सड़कें बंद रहीं। जम्मू-कश्मीर में भी 24-25 अगस्त, 2025 को विगत 100 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूटा है। कठुआ जिले में जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर लंगोटे मोड़ का पुल टूट गया। जिस राजस्थान में वर्षा कम हुआ करती थी वहां अब अफरा-तफरी का माहौल है। कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हालात यह हो चले कि कोटा में वायु सेना का हेलिकाप्टर एमआइ-17 तैनात करना पड़ा। सीकर, कोटपुतली-बहरोड़, सिरोही, बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, डीडवाना-कुचामन व टोंक में स्कूल तक बंद करने की चेता. वनी जारी करनी पड़ी। मैं पिछले कई दिनों से अपने कुछ पर्यावरणविदों व भू-विज्ञानी मित्रों से यह सवाल कर रहा हूं कि लाखों पेड़ जो हसदेव जंगल सहित अन्य जंगलों के काटे गए हैं क्या उनका दुष्प्रभाव शुरू हो चुका है? सवाल नंबर दो। यह काटे गए विशालकाय जंगल जो वर्षाजल से भरे बादलों को अपने आंचल और वनांगन में बरसाने को मजबूर कर देते थे, वहीं बादल अब पहाड़ी इलाकों की ओर ज्यादा घनीभूत तो नहीं हो रहे? हालांकि सभी ने कहा कि दुष्प्रभाव तो आरंभ हो गए हैं, लेकिन पुख्ता तौर पर अध्ययन के बाद ही स्पष्ट राय बना पाना संभव होगा।

फिलहाल हिमालई क्षेत्रों में इस साल बादल फटने की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। पिछले वर्ष जहां 40-50 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई है। मैं अंतिम पंक्तियां लिखना तो नहीं चाहता था, लेकिन फिर भी लिख रहा हूं। आज 60-65 साल की आयु वाले तो 15-20 सालों में मर कर जा चुके होंगे लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए आप सब साक्षात भयावह मौत परोस कर जाएंगे। इसमें आपके बेटे, नाती-पोते-बेटी, बेटियां -बहुएं। शामिल होंगी। नेचर की डिक्शनरी में क्षमा शब्द है ही नहीं। यह पंक्तियां मैंने अपने लिए भी लिखी हैं, क्योंकि चौकड़ी जो खता कर रही है सदियां उसकी सजा पाएंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्राइलः मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**इस्राईल की सैन्य कार्रवाइयों में फलस्तीन के रफाह और बेत हनून जैसे शहर बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। इस समय केवल गजा पट्टी में ही पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी, अभाव और मौत जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गजा की लगभग एक तिहाई आबादी अर्थात लगभग 6 लाख 41 हजार लोग मानवीय संकट जैसे भयानक हालात का सामना कर सकते हैं। अनुमान है कि इन विषम परिस्थितियों में जून 2026 तक पांच साल से कम उम्र के 1.32 लाख बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। गजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक यहां 62,192 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि भुखमरी और कुपोषण से गजा में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 बच्चे शामिल हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व की इस्राईल सरकार ने अगस्त 2025 की प्रारंभ में फलस्तीन के गजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की योजना को मंजूरी देने तथा इस्राईल की सुरक्षा कैबिनेट द्वारा गत 8 अगस्त को इस योजना को अनुमोदित करने के बाद गजा में नए सिरे से सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

गिडियन्स चैरियट्स II नाम की इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस्राईल ने लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया है जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है। इस कार्रवाई को गजा शहर पर हमले के पहले चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस्राईली योजना के अनुसार इस कार्रवाई में उत्तरी गजा से हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर विस्थापित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ इस्राईल की सेना (आईडीएफ) गजा सिटी के बाहरी इलाकों में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि इस्राईल सरकार द्वारा इस कार्रवाई का मकसद हमास को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना, उसके नेताओं को गजा से निर्वासित करना, हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त कराना तथा गजा पट्टी को पूरी तरह से हथियार-मुक्त बनाना बताया जा रहा है, परन्तु विश्व इसे गजा पर कब्जे के इस्राईली दुष्प्रयास के रूप में देख रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिक. ार प्रमुख ने इस कार्रवाई को अवैध कब्जा बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है जबकि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा है कि यह कार्रवाई गजा पर इस्राईली सैन्य कब्जे को मजबूत करेगी। इस्राईल के सहयोगी देश अमेरिका व ब्रिटेन सहित अन्य देशों ने भी इस्राईल की इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर गहरी चिंता जताई है परन्तु इस्राईल की नेतन्याहू सरकार पूरे विश्व की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए गजा पर सैन्य नियंत्रण कर अपने इस अवैध कब्जे के मिशन पर आगे बढ़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत इस्राईल, गजा पर प्रमुख सुरक्षा नियंत्रण रखेगा, जिसमें सीमाओं, हवाई क्षेत्र और समुद्री पहुंच शामिल है। उधर इस्राईल की सेना में भी इस योजना पर एक राय नहीं है। आईडीएफ के ही कई वरिष्ठ अधिकारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि यह योजना जहां पहले से ही युद्ध से जूझ रहे आईडीएफ के सैनिकों को थकाने वाली साबित हो सकती है वहीं इससे इस्राईल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग भी पड़ सकता है। केवल नेतन्याहू ही इस कार्रवाई को जरूरी समझ रहे हैं। दरअसल इस्राईल में नेतन्याहू की इस घातक समझ को अतिवादियों के मध्य राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनियों में इस योजना को गजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यूएन रिपोर्ट्स में इसे मानवीय आपदा बताया रहा है, क्योंकि इससे न केवल बड़ी संख्या में विस्थापन बढ़ेगा बल्कि इसमें काफी लोगों की मौत भी हो सकती है और यह गजा के बुनियादी ढांचे की तबाही भी बढ़ा सकता है। हमास ने तो तो इसे नरसंहार बताते हुए कहा है कि इससे युद्ध और भी लंबा चलेगा। जबकि फलस्तीन इसे इस्राईल की विस्तारवादी नीति के रूप में वर्णित कर रहा है जो वेस्ट बैंक में नए बस्तियों से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि गजा सिटी में लगभग 5 लाख से अधिक फलस्तीनी रहते हैं जो हमास के विरुद्ध की जा रही इस्राईली सैन्य कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पहले से ही भुखमरी और विस्थापन जैसे मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। अब तो इस इलाके में अकाल के हालात बन चुके हैं परन्तु इन्हीं हालात के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री इस्राईल कात्ज ने यह धमकी भी दे दी है कि यदि हमास ने हथियार छोड़ने और सभी बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं मानी तो पूरे गजा शहर को शतबाहश कर दिया जाएगा। गजा पर सैन्य नियंत्रण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही आलोचना और देश के भीतर ही इस योजना के भारी विरोध के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री द्वारा गजा शहर को तबाह कर देने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देने का सीधा सा अर्थ है कि गजा को लेकर इस्राईल सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए



**अशोक मधुप**

सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है।तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधांए देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग अलग काम के लिए थोड़ी थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नही मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता। मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चौक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चौक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रुपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रुक गया।

मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रुका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंशोरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड़ पड़ गया।



अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराईए। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराईए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसैंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए।

समझ नहीं आ रहा कि क्या क्या कराएं। हम पर यह सब करना नहीं आता। इसका मतलब यह की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइए। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं यह जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा। अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सैंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति पत्नी कैसे उस लाइन में लगें, यह कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जाएंगे।

केद्र सरकार रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसक कार्य सिर्फ खातेधारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसी कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेलें। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी।

मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराएं। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपने ग्राहकों को सुविधाएं देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो यह मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। यह गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तै हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इंसानियत के नाते बाढ़ का दिया अलर्ट: भारत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक से बातचीत बंद थी, जम्मू की तवी नदी में अचानक आई बाढ़

**नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू- कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानकारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल



**पाक मीडिया रिपोट्स में दावा: भारत ने सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ की जानकारी दी**

कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिक.ार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।

## रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा।

उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ को बेबुनियाद बताया। विनय कुमार ने कहा कि ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

**■ भारतीय राजदूत ने कहा: जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे, ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया**

भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डालर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था।



नोएडा। एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी।

## पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है। हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा: इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है। इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने पहली बार इज़रायल पर क्लस्टर मिसाइल से हमला किया

**तेल अवीव।** यमन के हूतियों ने इस सप्ताह पहली बार इजरायल पर क्लस्टर वारहेड वाली बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजरायली संवाददाता समिति कान ने बताया कि शुक्रवार रात इज़राइल पर दागी गई मिसाइल हवा में ही टूट गई। कान की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली वायु रक्षा प्रणालियां इस प्रकार की मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। हूती मिसाइल को रोकने के मामले की जांच की जा रही है। विदित हो कि उत्तरी यमन और यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने 2023 के अंत में फलस्तीन के समर्थन की घोषणा की थी।

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे आग लग गई और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है।

### रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 10 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ।

### अफगानिस्तान सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को कोहिस्तान ज़िले के पुल-ए-शोपे इलाके में हुई।

## किसानों को व्यापार युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिए: चीन

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी राजदूत ज़ी फेंग ने हाल ही में कहा कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कृषि में अपनी-अपनी खूबियां हैं और वे एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

ज़ी फेंग ने वाशिंगटन डी-सी- में अमेरिका-चीन सोयाबीन उद्योग साझेदारों के स्वागत समारोह में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि चीन और अमेरिका मिलकर वैश्विक खाद्यान्न का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और कुल खाद्यान्न का एक-चौथाई उपभोग करते हैं। चीन को श्रम-प्रधान कृषि उत्पादों में तुलनात्मक लाभ प्राप्त है, जबकि अमेरिका मशीनीकृत, बड़े पैमाने पर उत्पादन के माध्यम से भूमि-प्रधान कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है, इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद और खाद्य पदार्थों, देशी उत्पादों और पशु उप-उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया। जी ने कहा कि कृषि आदान-प्रदान और सहयोग ने न केवल दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराए हैं, बल्कि अमेरिकी किसानों की जेब में भी अधिक पैसा डाला है।

**■ दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया**

## एससीओ में शामिल होने के लिए कई देशों की रुचि बढ़ी: चीन

**मास्को।** रूस में चीनी राज.दूत झांग हानहुई ने कहा है कि कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य में विस्तार हो सकता है क्योंकि अधिक से अधिक देश इसमें शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। झांग ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान में, अधिक से अधिक देश इस संगठन में शामिल होने या इसके साथ सहयोग मजबूत करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एससीओ अवधारणा के बारे में उनकी गहरी समझ और इसके विकास की संभावनाओं में उनके विश्वास की पूरी तरह पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार, इस संगठन की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करता है लेकिन यह कभी भी एक उद्देश्यपूर्ण कार्य नहीं होकर विकास का एक स्वाभाविक परिणाम रहा है।

# भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर

## भारत और फिजी की आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार, दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बोले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 33 वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फारेन फार इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन-एफआईपीआईसी का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों की दूरी पर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और फिजी एक स्वतंत्र, समावेशी, खुले, सुरक्षित और समृद्ध भारत-प्रशांत का समर्थन करते हैं। राबुका तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



■ पीएम मोदी व उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

## ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 3 बजे होगी लॉन्चिंग



**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है।

ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि राकेट लान्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लान्च किया जाना था। अब भारतीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लान्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था।

इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान राकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया जाएगा। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए क्या जाएगा। स्टेज सेपरेशन के बाद बूस्टर एक कंट्रोल्ड दिशा में फ्लिप करेगा और फिर बूस्टबैक बर्न शुरू करेगा। इसमें कम प्रोपेलेंट रिजर्व रखने की जरूरत होती है, जिससे चढ़ाई के दौरान ज्यादा प्रोपेलेंट इस्तेमाल हो सकता है और आर्बिट में ज्यादा पेलोड ले जाया जा सकता है।

**इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था**

## सना पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या छह हुई

**काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर सोमवार को हुए इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूथी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने सोशल मीडिया पर कहा कि अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमनी सूत्र ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इज़रायल ने यमनी राजधानी और उसके बाहरी इलाकों पर रविवार को हवाई हमले किए थे। इन हवाई हमलों में सना में राष्ट्रपति भवन के पास एक सैन्य शिविर, एक बिजली संयंत्र और एक तेल कंपनी के प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया।

## चीनी टेलीग्राम चैनल पर महिलाओं की प्राइवेट तस्वीरें लीक

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की प्राइवेसी से जुड़ा बड़ा स्कैंडल सामने आया है। टेलीग्राम पर चल रहे एक सीक्रेट चैनल मास्क पार्क ट्रीहोल फोरम में हजारों महिलाओं की इंटिमेट फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे थे।

सीएनएन की खबर के मुता.बिक, चैनल के 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। चीन में सिर्फ वीपीएन के जरिए चैनल को एक्सेस किया जा सकता था। पीड़ितों में शामिल महिला एमएसडी (20) ने बताया- उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनकी निजी तस्वीरें लीक कर दीं। एमएसडी के मुताबिक-उसे इसकी जानकारी तब मिली जब एक अनजान शख्स ने सबूत भेजकर बताया कि उसकी (एमएसडी) सोशल मीडिया डिटेल्स और वीडियो इस चैनल पर घूम रहे हैं। जब उसने एक्स-बॉयफ्रेंड से पूछा तो उसने 3 लोगों को तस्वीरें भेजने की बात मानी, लेकिन असल में लीक कहीं ज्यादा बड़ा था। पीड़ित ने कहा कि यह घिनौना है...जैसे हमें बार-बार वर्बल रेप किया जा रहा हो, हैरानी की बात है कि ये लोग अपनी ही फैमिली के बारे में भी फैंटेसी कर रहे हैं। इस चैनल पर महिलाओं की तस्वीरों के साथ-साथ नाबा.लिगों, अपराधियों की रिश्तेदार महिलाओं की भी तस्वीरें डाली गई थीं एमएसडी ने कहा कि पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस बात खुलासा किया था। तब मामले ने तूल पकड़ा।

**चैनल पर एक लाख से ज्यादा मेंबर्स, स्कैंडल के खिलाफ कैंपेन को सरकार ने दबाया**

## गाजा में हॉस्पिटल पर इजरायल का मिसाइल हमला, 15 की मौत

**गाजा।** गाजा के हेल्थ मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को दक्षिणी गाजा में नासर हास्पिटल की चौथी मंजिल पर इजरायली मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन पत्रकार शामिल हैं। मरने वालों में अल जजीरा और रायटर्स के पत्रकार थे। हेल्थ मंत्रालय ने बताया कि यह हमला एक 'डबल-टैप' हमला था, जिसमें लगातार दो मिसाइल हमले हुए। इससे रेस्क्यू का काम और ज्यादा खतरनाक हो गया। इजरायली सेना ने इस हमले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, इजरायल ने पहले अस्पतालों पर हमलों को यह कहकर जायज ठहराया है कि वहां हमास के आतंकवादी कमांड और कंट्रोल सेंटर चला रहे थे। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) के मुताबिक, इजरायल-हमास संघर्ष अब तक कुल 192 पत्रकार मारे गए हैं। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 200 से ज्यादा पत्रकारों के मारे जाने की कही गई है। इस जंग के मुकाबले अब तक रूस-यूक्रेन वार में सिर्फ 18 पत्रकारों की मौत हुई है।



